प्रकाशक
सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट
बीकानेर (राजस्थान)

प्रथम संस्करण
सन् १९६१
मूल्य ३) ५० नया पैसा

मुद्रक
संगीत प्रेस हाथरस (उ० प्र०)

अनुक्रमणिका

परिशिष्ट

दो शब्द

भारतीय लोक-जीवन में व्रत और अनुष्ठान का अपना एक विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। यहाँ ऐसा कोई घर नहीं मिलेगा, जहाँ किसी न किसी प्रकार का व्रत अथवा अनुष्ठान विधिवत् सम्पन्न न होता हो। वैदिक संहिता ब्राह्मण गृह्यसूत्र पुराण आदि तो इस विषय में विशेष उल्लेखनीय हैं। पौराणिककाल में ये व्रत और अनुष्ठान बड़े ही लोकप्रिय एवं अधिक महत्त्व प्राप्त करने लगे थे। प्रत्येक पुराण में प्रायः इनका विशद् वर्णन हमें देखने एवं पढ़ने को मिलता है।

* व्रत शब्द का अर्थ होता है—'किसी बात का पक्का संकल्प प्रतिज्ञा आराधना भक्ति, पुण्य के साधन उपवासादि नियम विशेष व्यवस्था-विधि विहित अनुष्ठान-पद्धति यज्ञ अनुष्ठान एवं कर्म।

वैसे व्रत शब्द का अर्थ भोजन करना भी होता है। किसी पुण्य तिथि आदि के उपलक्ष्य में अथवा किसी निश्चित कामना के वशीभूत होकर स्वेच्छापूर्वक सुख-सम्पत्ति, पुत्र, संतान आदि की प्राप्ति के लिए नियमित रूप से पूर्ण विधान के साथ उपवास या भोजन करना व्रत कहलाता है। निर्जल निराहार, केवल फलाहार दुग्ध-पान एकान्न भोजन, एक ही समय का भोजन आदि अनेक प्रकार के नियम इन व्रत एवं अनुष्ठानों में हमें देखने को मिलते हैं। इस प्रकार के व्रत एक दिन के लिए या अनेक दिनों के लिए भी होते हैं।

संस्कृत-शब्दार्थ-कौस्तुभ पृ १ ८४

व्रत का निरुक्त में सामान्य अर्थ 'कर्म' बतलाया गया है। यह कर्ता को शुभ अथवा अशुभ कर्मों से बाँध लेता है, अतः इसे व्रत कहा गया है। वैसे यदि देखा जाय तो व्रत का प्रधान उद्देश्य आत्मशुद्धि तथा परमात्म चिन्तन से है। संसार में नाना-प्रकार के झंझटों में फँसे रहने के कारण परमात्मा का चिन्तन एवं भगवद्-भजन का अवसर हमें नहीं के बराबर ही मिलता है। व्रत के दिन यह इस प्रकार का अवसर आप से आप सुलभ हो जाता है। व्रत में उपवास का विधान रखा जाता है। केवल अन्न आदि के परित्याग से ही उपवास की पूर्ति नहीं हो जाती। उपवास का शाब्दिक अर्थ है 'उप समीपे वास' समीप में रहना अर्थात् अपने इष्टदेव के पास रहना। क्योंकि सच्चा उपवास तो परमात्मा का चिन्तन करते हुए उनके साथ तन्मय होकर रहना है। इसके लिए अन्न-पान का त्याग भी आवश्यक बतलाया गया है। कारण निराहार रहने से प्राणी विशेष की विषय-वासनायें स्वयं अपने आप ही निवृत्त हो जाती हैं।

भारतवर्ष का संसार के देशों में अपनी निजी संस्कृति एवं सभ्यता को लेकर विशेष स्थान रहा है। यह देश मूल में धर्म-भीरु रहता आ रहा है। यहाँ के लगभग सभी कार्यों में धर्म का पुट अथवा यों कह सकते हैं कि धर्म की यहाँ प्रधानता रही है। अतः ऐसी स्थिति में यहाँ के उत्सव उपनिषदों त्यौहार व्रत, अनुष्ठान आदि सभी का धार्मिक स्वरूप ग्रहण कर लेना कोई आश्चर्यजनक नहीं माना जा सकता। व्रत विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठान की कोटि में ठहराए जा सकते हैं। अतः इनके लिए कुछ विधि-विधान नियम भी पालने होते हैं।

व्रत करने का वैसे तो स्त्री-पुरुष तथा सभी प्रकार के वर्णाश्रम वालों को अधिकार है। फिर भी बालिकाओं के लिए

भिन्न प्रकार के व्रत बतलाए गए हैं, तो सौभाग्यवती युवतियों के लिए विशेष प्रकार के एवं विधवाओं के लिए विशेष नियमों से आचरण करने की व्यवस्था वाले व्रत बतलाए गए हैं। कुछ व्रत ऐसे भी हैं जिन्हें बालिकाएँ, सौभाग्यवतियाँ एवं विधवाएँ आदि सभी को एक-सा करने का अधिकार है।

यह हम पूर्व ही उल्लेख कर चुके हैं कि हमारा देश धर्म-प्रधान देश रहा है। धर्म और व्रत का सम्बन्ध बड़ा ही गहरा है। ऐसा शायद ही कोई धर्म होगा जिसमें व्रत के आचरण को लेकर उसके महत्त्व पर प्रकाश न डाला गया हो। व्रत का ठीक ठीक निर्णय करने के लिए जितना आग्रह हमारे धर्म में दिखाया गया है उतना हम समझते हैं किसी अन्य धर्म में शायद ही होगा। अतः ये व्रत और अनुष्ठान हमारे धर्म शास्त्र के शाश्वत अंग प्रायः बन गए हैं।

प्रस्तुत पुस्तक राजस्थानी व्रतकथाओं को लेकर है।

प्रथम सोलह कथाओं का हिन्दी में अनुवाद किया गया है शेष कथाओं का अनुवाद समयाभाव के कारण नहीं हो सका। पाठक देखेंगे हमने अपनी ओर से हर प्रकार का प्रयास किया है कि सभी प्रकार की व्रतकथाएँ इस संग्रह में स्थान पा सकें। इसी दृष्टिकोण से हमने जैन-समाज की भी व्रतकथाओं को नमूने के तौर पर यहाँ स्थान देना अपना कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व समझा है।

राजस्थान में प्रचलित सात वारों की व्रत-कथाएँ भी हमने इसमें ली हैं। इस विषय में हमारे कुछ साथियों का ऐसा आग्रह रहा—ये कथाएँ हिन्दी भाषा में रहें तो ठीक रहेगा। अपने विद्वान् साथियों के आग्रह को टालना हमने किसी भी प्रकार से उचित

नहीं समझा । अतः 'सात वारों' की कथायें हमने हिन्दी रूपान्तर में दी हैं । अतिरिक्त कुछ प्रसिद्ध व्रतकथायें हमने श्रद्धेय पं. श्री मनोहरलाल जी शर्मा द्वारा सम्पादित भी की हैं । श्री पंडित जी के हम बड़े ही आभारी हैं ।

राजस्थानी संस्कृति,भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है । पाठक देखेंगे, हमारी इन व्रत कथाओं में भी भारतीय व्रतकथाओं के सभी तत्त्व विद्यमान हैं फिर भी राजस्थान की अपनी विशेषता उसके भौगोलिक, ऐतिहासिक सामाजिक, राजनीतिक कारणों को लेकर रही है । अतः भाषा की दृष्टि से एवं स्थानीय विशेषताओं के कारण ये व्रत-कथायें भारतीय लोकसाहित्य के एक विशेष अध्ययन एवं पठन-पाठन का विषय बन जाती हैं । अभिप्रायों का जहाँ तक प्रश्न है, वे तो राजस्थानी व्रतकथाओं के बड़े ही अनोखे एवं विचित्र हैं । मेरा अपना ऐसा ख्याल है, कुछ अभिप्राय तो ऐसे हैं जिन्हें अपने ही किस्म के कारण 'टाइप' की संज्ञा दी जा सकती है ।

व्रत एवं त्योहार क्यों हैं ? इनका उद्‌गम कैसे रहा । आज हमारी सभी सभ्य किंवा असभ्य कहलाने वाली जातियों में, यहाँ तक कि आदिवासियों में भी किसी न किसी रूप में व्रत अथवा त्योहार इतनी लोकप्रियता और आदर से क्यों देखा जा रहा है ? यह सब एक शोध के विद्यार्थी के लिए विचारणीय प्रश्न है । हम यहाँ इस विषय में इतनी गहराई में न जाकर उन्हीं विद्वानों पर इसे छोड़ देते हैं । फिर भी यह तो निर्विवाद सत्य है कि प्रत्येक जाति के व्रत और त्योहार उस समाज और जाति विशेष का इतिहास उसकी सभ्यता, संस्कृति के दर्पण और उसकी परम्परा के परिचायक हैं । व्रतों और त्योहारों को देखकर हम बात का सहज ही में अनुमान लगाया जा सकता है कि उस जाति में कितना ओज भार शौर्य है । इनके आधार पर

ऐतिहासिक स्मृति तो बनी रहती है साथ ही ये जीवन के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होते हुए प्रतीत होते हैं।

राजस्थान के निवासी अपनी संस्कृति, प्राचीन सभ्यता और आचार-विचार को इतनी शताब्दियों के परिवर्तन के उपरान्त भी आज तक क्यों कायम रख सके? इस पर गहराई से विचार करने पर हमें इसके मूल में व्रतों और त्योहारों का तत्त्व छिपा हुआ दृष्टिगोचर होता है। अस्तु

अंत में इतना और निवेदन करना चाहते हैं कि इस संग्रह को प्रस्तुत करने में भिन्न-भिन्न विद्वान् साथियों का सहयोग हमें प्राप्त रहा है-हम उन सभी के प्रति कृतज्ञ हैं। श्रद्धेय श्री अगरचंद जी नाहटा के हम बड़े ही आभारी हैं। लेखक ने श्री अभय जैन ग्रंथालय एवं श्री नाहटा जी के व्यक्तिगत संग्रह का हृदय खोलकर उपयोग किया है। श्री अनूप संस्कृत लाइब्रेरी एवं वहाँ के विशेष अधिकारी महोदय श्री बाबूराम जी सक्सेना के अमूल्य सहयोग को लेखक नहीं भूल सकता। आपने अपना अमूल्य समय देकर हमारे कार्य को आगे बढ़ाया है। भाई श्री मुरलीधर जी व्यास तो विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। आपके अमूल्य सुझाव एवं सहयोग के बिना इस संग्रह का प्रस्तुत होना भी सम्भव नहीं हो सकता था।

इस पुस्तक की भाषा का जहाँ तक प्रश्न है, कथाएँ सम्भवतः सभी इलाकों की ली गई हैं। अतः भाषा का एकीकरण उसकी वरतनी, उसकी शैली आदि में हमने किसी भी प्रकार का हेर-फेर अपनी ओर से नहीं किया है-उसे मूल रूप में रखना उचित समझा है।

मोहनलाल पुरोहित

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १६४४ में बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री के. एम. पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा संस्कृत, हिन्दी एवं विशेषतः राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वाङ्गीण विकास के लिये की गई थी ।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानों एवं भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारंभ से ही मिलता रहा है ।

संस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर में विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियां चलाई जा रही हैं जिनमें से निम्न प्रमुख हैं—

१ विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस संबंध में विभिन्न स्रोतों से संस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दों का संकलन कर चुकी है । इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, लंबे समय से प्रारम्भ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं । कोश में शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं दी गई हैं । यह एक अत्यन्त विशाल योजना है, जिसकी सन्तोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है । आशा है राजस्थान सरकार की ओर से प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारम्भ करना सम्भव हो सकेगा ।

२ विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भंडार के साथ मुहावरों से भी समृद्ध है । अनुमानतः पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं । हमने लगभग दस हजार मुहावरों का हिन्दी में अर्थ और राजस्थानी में उदाहरणों सहित प्रयोग देकर संपादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबंध किया जा रहा है । यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है ।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिए भी एक गौरव की बात होगी।

३ आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—

१ कळायण, ऋतु काव्य। ले० श्री नानूराम संस्कर्ता

२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास। ले० श्री श्रीलाल जोशी।

३ वरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह। ले० श्री मुरलीधर व्यास।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कविताएं, कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं।

४ 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन सम्भव नहीं हो सका है। इसका भाग ५ अङ्क ३-४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अङ्क एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य-सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। इसका अङ्क १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और बृहत् विशेषांक है। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्त्व के सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८ पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं। शोधकर्त्ताओं के लिये 'राजस्थान भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्त्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचन्द नाहटा की बृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन, महत्त्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्त्वपूर्ण ग्रंथों का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरंतर होता रहा है जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्त्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७. राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उसका महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक काव्य 'क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड़ क्षेत्र के ५०० लोकगीतों का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैकड़ों लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरियां और लगभग ७०० लोक कथायें संग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान भारती' में प्रकाशित किए गए हैं।

१०. बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११ जसवन्त उद्योत, मुंहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रन्थों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२ जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचंद भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसंधान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के संबंध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।

१३ जैसलमेर के अप्रकाशित १ शिलालेखों और भट्टि वंश प्रशस्ति आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४ बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसंधान किया गया और ज्ञानसार ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५ इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ टैसिटोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि का भी समय समय पर आयोजन किया जाता रहा है।

१६ बाहर से ख्यातिप्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्री कृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रन्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू. एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम ए विशारद और पं श्रीलालजी मिश्र एम॰ ए हुडलोद के।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवन-काल में संलग्न, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है। आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह संभव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्ताओं ने 'राजस्थान भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे। यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नहीं है, न अच्छा संदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्य को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं, परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चय ही बढ़ा सकने वाली होगी।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है। अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्त कराना संस्था का लक्ष्य रहा है। हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्त्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना संभव नहीं हो सका। हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अन्तर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये रु॰ १५) इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल रु॰ ३) तीस हजार की सहायता राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है, जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ११ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है ।

१ राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२ राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा. शिवस्वरूप शर्मा अचल
३ अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४ हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५ पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,,
६ दलपत विलास	श्री रावत सारस्वत
७ डिंगल गीत—	,, ,,
८ पंवार वंश दर्पण—	डा. दशरथ शर्मा
९ पृथ्वीराज राठोड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
१ हरिरस—	श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
११ पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१२ महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३ सीताराम चौपई—	श्री अगरचन्द नाहटा
१४ जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचन्द नाहटा और डा. हरिवल्लभ भायाणी
१५ सदयवत्स वीर प्रबन्ध—	प्रो. मंजुलाल मजूमदार
१६ जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७ विनयचन्द कृतिकुसुमांजलि—	,, ,,
१८ कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१९ राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२ वीर रस रा दूहा—	,, ,,
२१ राजस्थान के नीति दोहा—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२ राजस्थान व्रत कथाएं—	,,
२३ राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,,
२४ चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५ महुली— — श्री अगरचन्द नाहटा, म. विनय सागर
२६ जिनहर्ष ग्रंथावली — श्री अगरचन्द नाहटा
२७ राजस्थानी हस्तलिखित ग्रंथों का विवरण — ,,
२८ दम्पति विनोद — ,, ,,
२९ हीयाली-राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य
३० समयसुन्दर रासत्रय — श्री भंवरलाल नाहटा
३१ दुरसा आढा ग्रंथावली — श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा डा दशरथ शर्मा) ईसरदास ग्रंथावली (संपा बदरीप्रसाद साकरिया) रामरासो (प्रो गोवर्द्धन शर्मा) राजस्थानी जैन साहित्य (ले श्री अगरचन्द नाहटा) नागदमण (संपा बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथो का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नहीं हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी -जिससे उपरोक्त सम्पादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथो का प्रकाशन सम्भव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षाविभाग सचिवालय के आभारी हैं जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्राण्ट-इन एड की रकम मंजूर की।

राजस्थान के मुख्य मन्त्री माननीय मोहनलालजी सुखाड़िया जो सौभाग्य से शिक्षा मन्त्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं का भी इस सहायता के प्राप्त कराने में पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रकट करते हैं।

राजस्थान के प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया जिससे हम इस बृहद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव आभारी रहेगी।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यंत आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व. पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ बृहद् ज्ञान-भंडार बीकानेर, मोतीचंद खजांची ग्रन्थालय बीकानेर, खरतर आचार्य ज्ञान भंडार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री व हरिदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रन्थों का सम्पादन संभव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनक्वापि भवत्येव प्रमादतः, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः मा भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पाञ्जलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक

बीकानेर
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
सं २०१७
दिसम्बर १९६१

लालचन्द कोठारी
प्रधान-मंत्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

राजस्थानी व्रतकथाएँ

राजस्थानी व्रत कथाएँ

१—अथ बैसाख महातम री कथा लिखते

श्री नारद उवाच—श्री नारद जी नै राजा अंबरीक पूछै है नै नारद जी कहै छै—थी सारीखो राजा धर्मात्मा कोई नहीं। था धर्मकथा तूं ठीक पूछै। और तौ कथा अनेक धर्म-अधर्म री छै पण घोमळ। एक कथा थीनै धर्म कहूं राजा तूं सुण। थोनै बैसाख महातमरी कथा कहूं हूं। श्री नारद उवाच—एक सतयुग मध्यै एक ब्राह्मण हुतो सो श्री परमेसर परायण हुतो। तिण ब्राह्मण फिर फिर तीर्थ यात्रा कीधी। ब्रह्मचारी थको तपस्या करै छै—सो तिण री तेज तपस्या रै बळ करनै शीकरी कांति सूर्य सारीखी छै। एकण दिन तीरथां नूं जावतो थी सो पछै रोही-उजाड़ आई,

---

बैशाख के महात्म्य की कथा

नारद जी से राजा अंबरीक पूछते हैं और नारद जी कहते हैं तुम्हारे समान धर्मात्मा राजा और कोई नहीं। यह धर्म-कथा तुम ही पूछते हो। और तो धर्म और अधर्म की अनेकों कथाएँ हैं लेकिन सुनो। एक कथा तुम्हें फिर और कहता हूं हे राजन तुम सुनो। तुम्हें बैशाख महात्म्य की कथा कहता हूं। श्री नारद जी कहते हैं—सतयुग में एक ब्राह्मण था वह श्री भगवान् का बड़ा भक्त था। उस ब्राह्मण ने घूम-घूम कर तीर्थ-यात्राएँ की। ब्रह्मचारी होकर तपस्या करता है—उसका तेज तपस्या के बल से महान् है और शरीर की कांति सूर्य के तेज के समान है।

एक दिन (वह) तीर्थों को जा रहा था तो वहीं (रास्ते में) बयाबान जंगल आ गया। उस घनघोर जंगल में एक बड़ का पेड़ है,

तिण रोही में एक बदरी वृक्ष छै। तिण नीचे पांच प्रेत बैठा छै।
सो कवे किसड़ा छै, सीस मां कम्प मूत छै, दांत तो मोटा छै,
केस तो ऊभा छै, बास भूंडी मुँह मांह आवै छै। पेट छै सो
वांसै सूं लाग रह्यौ छै। भूख प्यास रा मारिया पड़िया छै।
तिण समै ब्राह्मण चलायो आवै छै। प्रेत, आदमी आवतो देखनै
साम्हो आवै, दौड़िया। तरै ब्राह्मण प्रेता साम्हो जोयौ। तरै प्रेत
साम्हो दौड़ता देख्या। तरै ब्राह्मण ऊभो रहियौ, देखतै प्रेत
थोड़ रह्या। ब्राह्मण री तपस्या रौ तेज सबल छै। तरै अळगो
ऊभो रह्यो। तरै वर्वे पांचे जणा बोलाया, थे कुण छौ ? तरै
ब्राह्मण बोलियौ, हूँ ब्राह्मण। तीर्थ गमन करन जाऊं छूं। पण थे
कुण छौ ? थांहरी काई विरतांत छै ? तरै प्रेतां कह्यौ—म्हें पिसाच
योनि प्रेत छां। म्हौ भूंडी कमाई कीधी छै तिण सूं म्हैं भूख,
तिरस री संकट सहां छां। संकट मांहे मरां छां म्हांरी गत

उसके नीचे पांच प्रेत (भूत) बैठे हैं। वे कैसे थे? कांप—शरीर में
काले-काले। उनके दांत बड़े-बड़े केश (बाल) उनके खड़े हैं और
मुंह में से उनके बड़ी बुरी तरह की दुर्गन्ध आती है। उनका जो पेट
है वह पीठ से लग रहा है। वे भूख-प्यास के मारे पड़े हैं। उस
समय ब्राह्मण चला आ रहा है। प्रेतों ने आदमी को आता देखकर
उसके सामने आये, दौड़े। तब ब्राह्मण ने प्रेतों के सामने देखा। उसने
प्रेतों को दौड़ते हुए देखा। तब ब्राह्मण को वहीं खड़ा देखकर प्रेत खड़े
देखते रहे। ब्राह्मण की तपस्या का तेज बड़ा प्रबल है। अतः वह अलग
दूर खड़ा रहा। तब वे पांचों बोले—आप कौन हैं? तब ब्राह्मण बोला—
'मैं ब्राह्मण हूं तीर्थ यात्रा करने जाता हूं लेकिन आप लोग कौन हैं?
आपका क्या परिचय है?' तब प्रेतों ने कहा—हम पिशाच योनि के
प्रेत हैं। हमने बुरे कर्म किए हैं, इसलिए हम भूख-प्यास का संकट
सहन करते हैं। संकट से मर रहे हैं—हमारी कोई गति नहीं है। आप

थई न छै। सो आज म्हें राज री दरसण पायो छै सो म्हारी निसतारी आज थें करी। म्हें बहुत राजी हुआ। म्हानूं सुख हुवो। आपा म्हारी बाम्णी थी, सो सुख हुवो। म्हांरी मत भली हुई छै। म्हानूं सारी खबर पड्ण लूक गई। सो ब्राह्मण परमेश्वर छै, मैं म्हें भलाई दरसण थांहरो पायो। सो म्हांरो उद्धार हुसी। तरै ब्राह्मण बोलियो—थें किसा पाप कीधा, जिण सूं थे प्रेत जोन पाई, सो थे बतावो। तरै पहलो प्रेत बोलियो, म्हें पंचा देशमें पूर्व जन्म ब्राह्मण मारियो, एक ब्राह्मण री हित्या लागी, जिण सूं प्रेत जोनि पाई। पछै दूसरो प्रेत बोलियो, म्हें गुरू मारियो थो, सो गुरु-हत्या लागी, जिण सूं प्रेत जोनि पाई। पछै तीसरो प्रेत बोलियो—हूं पारकी निंदा हमेस करतो झूठ बोलतो, कूडा कलंक देतो, झूठी साख भरतो लोकांरी मन भांजतो, सो जिण पाप थी जोनि प्रेतरी पाई। पछै चोथो प्रेत बोलियो, हूं गुरुणी

हमने आपके दर्शन लाभ किए हैं अतः हमारी मुक्ति आप करें। हमें (आपके दर्शनों से) बड़ी खुशी हुई। हमें बहुत सुख हुआ। हमारी आत्मा जल रही थी उसे सुख मिला। हमारी बुद्धि स्वच्छ हुई। हमें सब प्रकार का ज्ञान होने लगा है। आप ब्राह्मण परमेश्वर का रूप हैं हमारा सौभाग्य है जो हमने आपके दर्शन किए। अतः हमारा (अब) उद्धार होगा।

ब्राह्मण तब बोला—आपने कौन से पाप किए थे जिससे प्रेत योनि आपने प्राप्त की वह मुझे बतावें। तब पहला प्रेत बोला मैंने पंचाल देश में पूर्व जन्म में एक ब्राह्मण को मारा था—उस ब्राह्मण की हत्या मुझे लगी उसी कारण प्रेत योनि मुझे प्राप्त हुई। पीछे दूसरा प्रेत बोला—मैंने गुरू को मारा था सो गुरु हत्या मुझे लगी, उसी कारण प्रेत योनि प्राप्त हो गयी। फिर तीसरा प्रेत बोला—मैं दूसरे व्यक्तियों की निन्दा ही किया करता था झूठ बोला करता था झूठे कलंक दिया करता झूठी

सू मूंडी हासती, कुकरम कीधौ, तिण सूं प्रेत जोनि पाई। पछे पाचसौ प्रेत छै सो बोलियौ म्हे अरणी हत्या कीधी, आ अरणी मुई, तिण सूं प्रेत जोनि पाई। तरै ब्राह्मण बोलियौ, दया कर ने कहे छै–थे साच बोलिया, आपरी दुरत कही। तरै विचारियौ–इणां रो उद्धार करणो। तरै ब्राह्मण है। छै प्रेतां थे म्हैं साथै आवो। तरै प्रेत ब्राह्मण रै साथै हुवा चालिया जाय छै। रोही उद्यान पड़ी छै। घठै रोही रै मांहि चालिया जाय छै। तठै प्रेत आठ जर्ण उठिया, सो ब्राह्मण नू खांण नू दौड़िया। पछे नैडा आया, तरै ब्राह्मण कह्यौ थे कुण छौ? तरै प्रेत कह्यौ, "म्हैं प्रेत छां।" म्हैं थां नू मारण नू आया था, पण थांरी तपस्या रो तेज छै, इसी सूरज री ही तेज न छै तिणसूं म्हैं मिकठ मौन हुआ छां। थाहरी दरसण सूं म्हांरा पाप मूचित होय गया। दृष्टि निरमल हुई छै म्हांरी दुरम दूर होय गई छै। हाथ जोड़

पछाड़ी किया करता लोगों का मन तोड़ा करता (हतोत्साह करता) सो उसी पाप के कारण प्रेत की योनि प्राप्त की। फिर चौथा प्रेत बोला मैं गुरु पत्नी से दुर्व्यवहार करता कुकर्म किए, इस कारण प्रेत की योनि प्राप्त की। फिर पांचवाँ जो प्रेत है वह बोला मैंने स्त्री हत्या की थी। वह भी मर गई, इस कारण प्रेत की योनि प्राप्त की।

ब्राह्मण तब दया करके बोला। कहता है–आप लोग सत्य बोले अपना दुख कहा। तब सोचा–इनका उद्धार करना चाहिए। तब ब्राह्मण कहता है–प्रेत लोग! आप मेरे साथ आवें। तब प्रेत ब्राह्मण के साथ होकर चले जा रहे हैं। बयाबान जंगल पड़ा है। वहाँ उस जंगल मे चले जा रहे हैं। वहाँ आठ प्रेत और फिर उठे। वे ब्राह्मण को खाने को दौड़े। जब नजदीक आए, तब ब्राह्मण ने कहा आप कौन हैं? तब प्रेतों ने कहा हम प्रेत हैं। हम लोग आपको खाने के लिए आये थे, लेकिन आपकी तपस्या का तेज है–ऐसा तेज तो सूर्य का भी नहीं। हम

आगै ऊभारहि कहै छै, 'सामी, नारायण ! थांहरौ दरसण कियां म्हें निरमळ हुआ छां। म्हांनै भली बुद्धि ऊपनी। तरै ब्राह्मण कहै, थे प्रेत केन प्रकार करन हुआ ?

पहिली तौ प्रेत जाति कही, पछै आपरा नाम कह्या, पछै आपरा पापरा नाम कह्या सो ब्राह्मण सुणिया। हिवै आपरा पाप कहै छै, ब्राह्मण सुणै छै। प्रेत कहै छै। एक प्रेत कहै म्हं पहलै-जन्म अधर्म कियौ, गरीब नै गीमतौ लड़तौ अतीत अभ्यागत सूं लड़तौ करतौ घर मैं आवण न देतौ, तरै प्रेत की जोनि पाई। पाछै दूजा कहै छै हूं चोरी जारी करतौ-पाछा न हुतौ तिण सूं प्रेत जन्म पायो। पछै तीजो प्रेत कहै छै हूं समरण-भजन, कथा कीरतन करता तिणनूं उथापता तिण सूं प्रेत जन्म पायो। तरै चोथो प्रेत बोलिया हूं निंदक छो आगलारी निंदा करतो, तिणसूं कर प्रेत जानि पाई। पछै पांचमो प्रेत बोलियो, हूं पहली

उन्हें देखकर चकित मौन हो रहे। आपके दर्शनों से हमारे पाप छूट गये। हमारी दृष्टि निर्मल हुई-हम बहुत दूर की देख सकते हैं (हमें भविष्य आदि का ज्ञान हो गया है) हाथ जोड़कर आगे खड़े होकर कहते हैं- हे स्वामी ! हे नारायण !! आपके दर्शन करने से हम निर्मल हुए हैं। हमें अच्छी बुद्धि उत्पन्न हुई।

तब ब्राह्मण ने कहा आप प्रेत किस कारण से हुए। पहले तो प्रेतों ने अपनी जाति बतलाई फिर अपने नाम बताये जो सभी ब्राह्मण ने सुने। अब अपने पाप कहते हैं। एक प्रेत कहता है मैंने पहले जन्म में अधर्म किए-गरीबों को लूटा-खसोटा करता उनसे लड़ता अतिथि अभ्यागतों से लड़ता रहता उन्हें घर में नहीं आने देता इसलिए प्रेत योनि प्राप्त की। तब दूसरा कहता है-मैं चोरी-जारी किया करता इस कार्य से कभी मुंह नहीं मोड़ा इसलिए प्रेत का जन्म पाया। तब तीसरा प्रेत कहता है—मैं उन व्यक्ति की चुगली किया करता जो भगवद्

जन्म नास्तीक हतो। कोई भली बुरी बात करतो तिण नूं हूँ नास्तीक करतो। तिणसूं–म्हैं प्रेत जन्म पायो। पछै छठो प्रेत कहै छै–म्हैं घर किण ही रो भलो न चाहतो, बुरो चितवतो, तिण सूं प्रेत जोनि पाई। पछै सातमों प्रेत कहै छै म्हैं भलो काम कोई कीन्हो नहीं तिणसूं प्रेत जन्म पायो। पछै आठवों प्रेत कहै छै–म्हैं पूर्व जन्म ब्राह्मण संताया, तिण पाप सूं प्रेत जन्म पायो।

तरै ब्राह्मण कह्यो, थे कठै रहो छो ? थे १० रोई में रहो छो, किण भांति जीवो छो, पग उमरांणा छो, थंटा पणा, सो थे उमरांणा फिरो छो। तरै प्रेत बोलिया म्हैं खाणा–पीणा सो आप आगै कसूं कहा हां, पण कही रीत चाहिजै।

तरै प्रेत कह्यो छै–जिणरा घर में बुहारी मझी न रहै, चोखो पोतो न दीजै, पाणी न छांणै, दोपहर हांडी चढ़ावै, तिण रै घरमें भोजन म्हैं करां हां। जिण री हांडी अथवा हाण्डी कांठी होवै,

---

भजन कीर्तन कथा आदि किया करता। इसी कारण प्रेत का जन्म पाया। तब चौथा प्रेत बोला–मैं निंदक था। हर किसी की निंदा करता इस कारण प्रेत की योनि पाई है। इसके बाद पांचवां प्रेत बोला–मैं पहले जन्म का नास्तिक था। कोई (व्यक्ति) अच्छी अथवा बुरी बात करता तो उसे मैं नास्तिक कहकर काट दिया करता। इस कारण मैंने प्रेत का जन्म पाया। इसके बाद छठा प्रेत कहता है–मैं किसी के भी घर का भला नहीं चाहता था बुरा ही सोचा करता इस कारण प्रेत की योनि पाई है। फिर सातवां प्रेत कहता है–मैंने अच्छा कोई काम किया नहीं इस कारण प्रेत का जन्म पाया इसके बाद आठवां प्रेत कहता है–मैंने पूर्व जन्म में ब्राह्मणों को सताया इस पाप के कारण प्रेत जन्म पाया।

तब ब्राह्मण ने कहा–आप लोग कहां रहते हैं ? आप लोग जंगल में रहते हैं, किस प्रकार जीवित रहते हैं। आपके पैरों में जूती तक नहीं है

तिण रै घरां री म्हे खावां पीवां हा। जिण रा घर में देवता न पूजै, सिनान करै न करै, मांचो बिछायो राख देवै, भामण मांई बिछायो राख नै उठावै नहीं, तिणरै घर में म्हे खाणा-पीणा हां। वणांरै घरां म्हे रहां हां, उठै म्हांरी आमोद्रम छै। ब्राह्मण इसणक न पीवै, यू ही खावै, यू हीज पीवै, महा-असुभ असुभ स्थान मांहे म्हे रहां हा। सो इसी बात म्हे खाय मरां हां। मिठ म्हांरो खाणो पीणो मिठ छै। इसरी बात कही प्रेत हाथ जोड़ने ऊभा रह्या, पछै प्रेत कहै छै-म्हारी उधार थां सू होसी, तरै प्रेत पणौ छूट सी।

तरै ब्राह्मण कहै-ह वैशाख री मास आयो छै, सो हूं रेवा जी में स्नान करन जाऊं सू सा थे इठैहीज ऊभा रहो, उधार कर सू। थे आपरी बात साची कही थोहरो नाम जाणु छू सो थांहरी बीनती मधुसूदन जी सू कर सू। तरै पछै प्रेत आठेई उठै ऊभा

यहां काटे बहुत है आप बिना पूछी के उपाये ऐसी कैसे अवज्ञा करते है। तब प्रेत बोले-हम लोग जो कुछ खाते-पीते है वह आपके सामने किस प्रकार वर्णन कर सकते है ? लेकिन फिर भी आप से तो कहना ही चाहिए।

तब प्रेत कहते है-जिस घर मे अच्छु भांति न लिया जाय (पूजे) को लीपा-पोता न जाय पानी कहां छानकर नहीं पीया जाय दुपहर को बाहर रसोई बनावे-हम उन्हीं के घरों में जाकर भोजन करते है। जिसकी हांडी अथवा उसकी ढकनी (भोजन बनाने का मिट्टी का पात्र) कांडा (थोड़ी बहुत टूटी हो) तो उसके घर में हम खाते पीते है। जिसके घर में देवताओं की पूजा न हो, स्नान घर के व्यक्ति कभी भी न करते हों खाट जहां हर समय बिछाई ही रहे, तथा उस बिछौना बिछा रहे, उसे उठावे नहीं उसके घर में हम खाते पीते है। उन्हीं लोगों के घर मे रहते है-वहीं हमारा निवास स्थान रहता है। उन्होंनें जो पीते

राजा नै पाच, प्रेत साथै हालिया। पछै रेवाजी गया। वैशाष मैं रेवाजी न्हाया–सूर्य मैं परास छै, ब्राह्मण टामरा पूतला आठ बणाया, स्तोत्र भणनै उर्णा प्रेतांरा नाम ले श्री रेवाजी में स्नान कराया उणांरी प्रेत देह छूटी ने बैकुंठ प्राप्ति हुवा। नारद जी कहै–राजा अमरीषनै–वैशाख मास इसड़ो छै, प्रेतांनी देह छूटी भागौजी मधुसूदन जी स्तोत्र भणे, कथा सौमळै नै सांभळावै, तिवरा पापरो क्षय होवै नै बैकुंठ प्राप्ति हुवै। नारद जी राजा अमरीषनै स्तोत्र सुणावै छै, कहै–हे राजा मासा मांहि वैसाख बडो मास छै तिणरो व्रत करै। तिको श्री मधुसूदन जी मूरति री सेवा करै नै सनान-संपाडो कीजै पछै दान–पुन कीजै, तिण वैसाख रा महातम सू पूर्वला भवरा पाप मुक्ति होय, तिण सू संसारा पाप छूटै उन वैसाख सू परम पद पावै, तिण न्हाया प्रेत देह छूटी

जाते नहीं जैसे ही भोजन करते वैसे ही पानी पीते बुरा और अपवित्र स्थान को है, वहीं हम रहते हैं। तो इस बात से हम लाज मरते हैं। हमारा खाना पीना भ्रष्ट है। इतनी बात कहकर प्रेत हाथ जोड़ कर खड़े रहे। फिर प्रेत कहते हैं–हमारा उद्धार आप से ही होगा तभी हमारी प्रेत–योनि छूट सकेगी।

ब्राह्मण तब कहता है–वैशाख का महीना आया है अतः मैं रेवाजी में स्नान करने जाता हूँ आप लोग यहीं ठहरे रहें मैं आपका उद्धार करूँगा। आप लोगों ने पाप की बात (मुझे) इस रूप से कही आपका नाम जानता हूँ अतः आपकी विनती मधुसूदन जी से करूँगा। तब वे आठो प्रेत वहीं ठहरे रहे और पांच प्रेत साथ चले। इसके बाद रेवाजी गए। वैशाख में रेवाजी में नहाए–सूर्य में तेज है–ब्राह्मण ने कुश के आठ पुतले बनाये मन पढ़, उन प्रेतों का नाम ले उन्हें रेवाजी में स्नान करवाये इससे उनकी प्रेत देह छूटी और वे बैकुण्ठ को प्राप्त हुए। नारद कहता है–राजा अमरीष को वैशाख मास ऐसा है, प्रेत की देह छूटी

नै देव योनि पाई, सो इसो वैसाख मास छे, जिण पुन्य सूं वैकुण्ठ प्राप्ति होवै।

इति श्री पद्म पुराणे वैसाख महात्मे पंचमोध्याय।

(२)

राजा आ कथा सुण नारद जी नै पूछतो हुओ—महाराज हूं पूर्व रो जन्म कुण थो सो विरतांत कहो। तरे श्री नारद जी बोलियो-हे राजा पूछसी बात पूछि थे नहीं कोई भली मांनै, कोई बुरी मांनै।

तरे राजा कहे छे—महाराज, बुरे मांनण रो किसो काम छे। राज-मोनु कही हूं पुन्य किसै सु राजा हुओ, इतरी लिखमी रो धणी हुओ छु। तरे नारद बोलियो-राजा तु पूर्वले भव जात रो सोनार थो। थारी असतरी वेस्या थी। सो तु सो अति सरूप थी। तु सोनार था। थारै माया घणी थी, अर उठा वेस्या बडी

माधव जी मधुसूदन जी का स्तोत्र पढ़े कथा सुने व कथा सुनाए, उससे ही पापों का क्षय हो बैकुण्ठ की प्राप्ति हो। राजा अम्बरीक को नारद जी स्तोत्र सुनाते हैं। कहते हैं—महीनों में बैसाख का महीमा सबसे बड़ा है, उसका व्रत किया करो। इसलिए श्री मधुसूदन जी की मूर्ति की सेवा करे, एव स्नान आदि करे, पीछे दान पुण्य करे, इस बयाख के महात्म्य से पूर्वजन्म के पाप छूट जायें इससे संसार के पापो से छुटकारा पावे (मिले) इसी बयाख से परमपद को प्राप्त हो जिसके नहाने से प्रेत देह से छुटकारा हो देव योनि प्राप्त हुई, सो इस प्रकार का बयाख का महीमा है—उस पुण्य से बैकुण्ठ की प्राप्ति हो।

इस प्रकार श्री पद्म पुराण की बैसाख महात्म का पाँचवाँ अध्याय समाप्त—

राजा बोला। राजा यह कथा सुनी, (राजा) नारद जी से यह कथा सुनता हुआ कहने लगा—महाराज मैं पूर्वजन्म में कौन था यह वृत्तान्त

धर्मात्मा थी। सो वेस्या देह रै भागवती कथा एक चित होय नै सुण ती, दाण-पुन्य करती गरीब गुरबा नू पइसौ देती, नै धरमरी ईंछ्या करती। यूं करता वैसाख री मास आयौ। तरै ब्राह्मण री मतौ कियौ। तरै वेस्या सोनार बोलायौ सोनार रौ नाम देवा हुतौ। वेस्या पचास मुहर सौंपी कह्यौ तू श्री ठाकुरां री मूरत मधुसूदन जी री पधस्याय मधु हूं वैसाख म्हासु। ठाकुरां री पूजा करू पछै पूनिम रै दिन ब्राह्मण नू दांन देसु। तरै सोनार ठाकुरां री मूरत घड़ी। घणी फूटरी घड़ ल्यायौ, चोरी न कीधी। मूरत घड़तां मन डांम डाखियौ, जितरी सुंपियौ, तितरी तोल ले आयौ। वेस्या रै जद वैसाख पूनिम आई, तद मूरत ले आयौ। तरै वेस्या घरी छीपी-लेनै रेवाजी मैं स्नान करण नू गई। तरै सोनार कह्यौ, कै कहो तो

कहे। तब श्री नारद जी बोले—हे राजन् पूर्वजन्म की बात नहीं पूछनी चाहिए किसी को भला लगे और किसी को बुरा लगे। तब राजा कहते हैं—महाराज इसमे बुरा मानने जैसी क्या बात है? आप मुझे कहे—मैं कौनसे पुण्य से राजा बना इतनी लक्ष्मी का मालिक बना। तब नारद मुनि बोला—राजा तू पूर्वजन्म मे जाति का सुनार था। तुम्हारी स्त्री वेस्या थी वह तुम से कहीं अधिक सुन्दर थी। तुम सुनार थे तुम्हारे पास धनदौलत बहुत था और वह वेस्या बड़ी धर्मात्मा थी। अत वेस्या मन्दिर मे जाती कथा (भगवत्-कथा) एकचित् होकर सुना करती दान-पुण्य किया करती गरीबो को पैसा दिया करती और धर्म की नीति पर चलती।

ऐसा करते-करते वैसाख का महीना आया। तब वेस्या ने सुनार को बुलाया—उस सुनार का नाम देवा था। वेस्या ने उसे पचास मुहरें दी और कहा—तुम श्री भगवान मधुसूदन जी की मूर्ति बनाकर लाओ,

स्नान नूं हूं आवूं । वरै वेस्या कयौ, साथै आव । तद सोनार साथै गयौ । नदी में स्नान कीधौ । वेस्या रै घरै आयौ, नै सेवा पूजा प्रभात री कीन्ही । कथा सांभळ नै ठाकुरां रौ दरसण करयौ । एक मन करनै ठाकुरां मधुसूदन जी री सेवा कीन्ही । वे घणा दिन पछै ठीक रह्या । अंतकाळ वेस्या री नै सोनार री सरीर छूटौ, सो वे वैसाख रा पुन्य करने राज पायौ, अर वेस्या-राजा थारै भारजा हुई । सो वैसाख री महातम छै । इसो वैसाख रो महीनो छै-जिण सूं पुन्य-अखोगत न आवै । इतरौ राजा नै विरतंत सुणायो पछै नारद जी उठ गंगा सिनान करण नै गया । राजा पण वैसाख री महातम सुण गंगा जी असनान करियौ—वैसाख *राज धरमिसी वैसाख री महिमा सुण राजा सबलोक में वैसाख* मनायौ । जिण सूं राजा अयोध्या समेत वैकुंठ प्राप्ति हुयौ ।

मैं वैसाख नहाऊँगी भगवान की पूजा करने के उपरान्त पूर्णिमा के दिन ब्राह्मणों को दान दूंगी । तब सुनार ने भगवान की मूर्ति बनाई । बड़ी ही सुन्दर बनाकर (घड़कर) लाया उसने (सोना नहीं चोरा) चोरी नहीं की । मूर्ति बनाते समय मन एकचित रखा जितना (सोना) सौंपा गया था उतना ही तोल म लेकर आया । वह वेश्या के पास जब पूर्णिमा आई, तब मूर्ति लेकर आया । तब वेश्या ने उसे अपने पास रखी लेकर रेवा जी मे स्नान करने गई । तब सुनार ने कहा—आप कह तो मैं भी स्नान करने चलूं ? तब वेश्या ने कहा मेरे साथ ही चले चलो । तब सुनार साथ गया । नदी मे स्नान की । वेश्या के घर आया और सुबह की सेवा पूजा की । कथा सुनकर भगवान का दर्शन किया । एक-चित से भगवान मधुसूदन जी की सेवा की । वह कई दिनों तक वहीं (वेश्या के यहाँ) रहा । अन्त मे वेश्या और सुनार का शरीर समाप्त हो गया (दोनों मर गए) । उनने वैसाख के पुण्य करने के कारण राज्य पाया और यह वेश्या राजन, तुम्हारी स्त्री बनी ।

धन दै, महिमा दै, भली सुन्दर मिलै। भली न्हावै तौ मनकामना पावै-सही।

इति पदम पुराणे वैसाख महातमे अष्टमोध्याय।

इण ऊपरा बात छै—

नारद जी, ब्रह्माजी नै इतिहास कहै छै। एक नगरी सोवन नामे तठे देवीदास राजा राज्य करै छै। तिणरै एक पुत्री छै, सो रूपवंत छै। तिणरी सगाई कीधी। तिणरै बीद चंवरी माहि बैसै नै मर जावै। बीद इक्कीस-मूवा। तरां स्वयंवर परण नू कीधी। तठे उणरी रूप देखनै भली घणूं छता मूवा। पछै एक ऋषि कर्दम नाम तिण कन्या री पूर्व जन्म कह्यौ, सो कहै छै। साहूकार री बस्त्री हुंती, घर रा धणी रै कहै में न हालती, घर ई माडी तिण करनै पाप लागी। तिण सू मरै नै पछै ब्राह्मण सावै

यह वैशाख का ही महात्मय है। इस प्रकार का वैशाख का महीना है—जिसका पुण्य व्यर्थ नहीं जाता।

इसका वृत्तान्त राजा को सुनाया—फिर नारद जी उठकर गंगा स्नान करने गये। राजा ने भी वैशाख का महात्मय सुनकर गंगा जी की स्नान की वैशाख राज को धारण किया वैशाख की महिमा सुनकर तमाम लोगों को वैशाख करने का आदेश दिया। इस कारण राजा अयोध्या सहित बैकुण्ठ को प्राप्त हुआ। (यह वैशाख) धनदौलत देने वाला है श्री सुख देने वाला है (इसके करने) स्त्री सुन्दर प्राप्त होती है। और यदि कोई स्त्री वैशाख नहावे तो उसकी निश्चय ही मनो-कामना सफल हो।

पद्म पुराण के वैशाख महात्मय का आठवां अध्याय समाप्त।

इसी पर एक और कथा है—नारद जी ब्रह्मा जी को इतिहास कहते हैं। एक नगरी जिसका नाम सोवन वहां देवीदास राजा राज करता है। उसके एक लड़की है वह बड़ी ही सुन्दर है। उसकी सगाई

नरबदा री सिनान करण गी। तिणसूं राजा रै पुत्री हुई। तिण सूं वैसाख रो व्रत री सिनान करै नै वैसाख ऊजमै तो बीन मरता रहै। तरै कन्या वैसाख री सिनान संभायो, व्रत संभायो, बरस बारै व्रत कीधो, सिनान कीधो, तिण सूं कर कन्या रै मनकामना सिद्ध हुई। वैसाख ऊजवण री विध बारै घड़ा लीजै, बारै सिकोरी, बारै कथारी बारै पोथी ब्राह्मण नूं जीमावै। बतीस जीमावै। ममता मोखम देणो। पीपळ तथा तुळसी सींचणी। तुळसी सींचणी। एक टक पाळणा बार गेहूं, साळि, चणा, ज्वार, मग, घृत पईसा आठ देणो। सिनान प्रात करणो। मध्यान सिनान करणो। संध्या सिनान करणी। मधुसूदन जी री मूरती री सेवा करणी। पाटम्बर दान देणा। महीनो तांई धर्मेश्वरै री रोटी करणी, जिम ही ब्राह्मण तथा अभ्यागत नै देणी। पहिली

की गई। उसका पति जैसे ही भाँवर के समय विवाह वेदि पर बैठता मर जाता। इक्कीस पति (इस प्रकार) मर गए। तब विवाह के लिए स्वयंवर रचा। तब उसके सौन्दर्य को देखकर बत्तीस (वर) फिर लड़-झगड़कर मर गए। फिर एक परम नाम के ऋषि ने उसका पूर्वजन्म बताया। वह कहता है—(पूर्वजन्म में वह) साहूकार की स्त्री थी अपने पति के कहने के अनुसार नहीं चला करती घर से (घर छोड़कर) भाग गई थी उसी कारण पाप लगा है। इस कारण (इसके पति) मरते हैं। इसके उपरान्त ब्राह्मण के साथ नर्मदा स्नान करने के लिए गई इसी कारण राजा के यहाँ पुत्री होकर जन्मी है। अब तू वैसाख के व्रत करे और उद्यापन का उजमना करे, तो तुम्हारे पति जो मर रहे हैं—बच सकते हैं।

कन्या ने तब वैसाख का स्नान करने का प्रण धारण किया बारह वर्ष तक (इस प्रकार उद्यापन का) प्रण किया स्नान की इस कारण कन्या की मनोकामना सिद्ध हुई।

रोटी देने पछै कथा सुणणी। इसी तरै उत्तमाई राखणी, तो
बैसाख री मास बैकुंठ बाता मे। इतरा तीर्थ गया रो पुन्य होवे,
गंगाजी गया जी, जगन्नाथ, बदरी जी, कुरुक्षेत्र पिरागजी,
नेमसार मीसरू, अयोध्या, मथुरा, जमुना, द्वारिका जी, नर्बदा,
गोदावरी ग्रहण कासी री एहा एक-अनेक तीर्थ गया रो पुन्य होय।
अनेक व्रत कीयां री पुन्य एक बैसाख न्हायां बहुत पुन्य होवे।
गर्दभ री जोनि स्वान, काग, एवी जोनि न पावै। प्रथम तो
आवागमण न आवै तो उत्तम कुल पावै, धन पावै अच्छी सरूप

बैसाख के नहाने की विधि – बारह घड़े भेजे चाहिए, बारह दुन्के
पिछोरी (लट्ठा-कपड़ा) बारह जो कथा की पुस्तकें ब्राह्मणों को देनी
चाहिए। पतीतो को भोजन करावे। उनको उनकी इच्छा अनुसार
भोजन देना। पीपल और तुलसी के पेड़ को नियमित रूप से पानी
सींचना। एक ही समय चार पैसी के तोल के गेहूं चावल चने ज्वार
जौ और भी मेवा मेवा आठ (भर तोल का) लेना। स्नान सुबह
करनी। दुपहर का भी स्नान करनी संध्या को भी स्नान करनी।
मधुसूदन जी की मूर्ति की सेवा करना। पाटंबर दान में देना। महीने
भर तक धर्म के नाम पर रोटी निकालना किसी ब्राह्मण अथवा
गरीब को देना। पहले रोटी देना फिर यह कथा सुनना। इस प्रकार
उत्तमता रखते रहना तो यह बैसाख का महीना बैकुण्ठ को देने वाला
है। इसके करने से इतने तीर्थों का पुण्य होता है—गया जी का पुण्य
जी का पुण्य जगन्नाथ जी का पुण्य बदरीनाथ जी का पुण्य कुरुक्षेत्र का
पुण्य प्रयाग जी का पुण्य नेमरवार मीसरू का पुण्य अयोध्या मथुरा
जमुना द्वारिका का पुण्य। गोदावरी नर्बदा में ग्रहण में नहाने
का पुण्य तथा काशी में ग्रहण में नहाने का पुण्य
इस प्रकार अनेकों तीर्थों में जाने अथवा नहाने का पुण्य मात्र बैसाख
में एक मास नहाने से होता है। अनेकों व्रतों के करने का पुण्य बैसाख

पावै। भरता-भरतार सुन्दर पावै भरती री मनकामना सिद्ध होवै, पुत्र मिलै, सुख मिलै। पछै देवलोक प्राप्ति हुवै। इसी कथा ब्रह्माजी नारद जी सूं कही, नै नारद जी राजा अंबरीक नै सुणाई। सुण नै राजा वैसाख नाहियौ, वैसाख रै पुन्य सूं अयोध्या समेत वैकुंठ पुहतौ। आ कथा सुणनै वैसाख न्हावै तिकै देव परायण होय वैकुंठ देवै स्वर्गलोक वासो करै, आवागमण न आवै।

श्लोक वैसाख कथा—

देव नारदो ब्रह्म सम्भिर्य अमलोके भवे नास्ते।
हरि लोके च प्राप्तिर्य ॥१॥

एक वैसाख के नहाने से पुण्य होता है।

इसके नहाने से गधे की कुत्ते की और कौवे की योनि नही पावे। पहले तो आवागमन ही न हो और यदि हो तो उत्तम कुल की प्राप्ति हो धन-दौलत पावे सुन्दर स्त्री प्राप्त हो स्त्री को सुन्दर पति मिले स्त्री की मनोकामना सिद्ध हो उसे पुत्र प्राप्ति हो सुख प्राप्त हो और फिर देवलोक को प्राप्त हो। इस प्रकार ऐसी कथा ब्रह्मा जी ने नारद से कही और नारद जी ने राजा अम्बरीक से कही। कथा सुनकर राजा ने वैसाख नहाने का व्रत आरम्भ किया। वैसाख के पुण्य से अयोध्या सहित वैकुण्ठ में पहुँचा। इस कथा को सुनकर जो वैसाख नहाता है वह देवताओं में लीन होकर वैकुण्ठ को प्राप्त हो और उसका स्वर्ग में ही निवास हो। उसका आवागमन फिर कभी न हो।

देव नारदो ब्रह्म सम्भिर्य अमलोके भवे नास्ते।
हरि लोके च प्राप्तिर्य ॥१॥

२-अथ श्री नृसिंह चवदश व्रतरी कथा

हेमाचल परवत री गुफा मांई हीरणकुसब तपस्या कीवी, अन पांण छोडि दियो। सो ईसी तपस्या कीवी सु सारा देवता नु अमर कीया। देवता मरती रा समस्त देवलोक गया। दैतरी तपस्या बल सु अगनि प्रगट हुई, तिण अग्न सु तिनलोक तपण लागा। सु सबै देवता आपरा ठीकाणा छोड गया। सु आगनै श्री ब्रह्मा जी कनै जाय पुकारया। पुकार नै कयो हीरण्यकसिप ईसडो नेहचौकर तपस्या कीवी छै नैं कहै छै—जनम जनम ईसडी तपस्या कर श्री परम पदवी लेऊं नै और भांति री और नवी सीसट बणाऊं। सु इण बात रो श्री ब्रह्माजी सु बीनती कीनी। सु देवता सगला सु साथे लेर आया। तठे, उपर उदेही मांय भरागई। ओदेही गोदी मांहि देखै तो मांस हाडरी दीसे।

श्री नृसिंह चवदश व्रत की कथा

हिमालय पहाड़ की गुफा में हिरण्यकशिपु ने तपस्या की—उसने अन्न-जल छोड़ दिया। उसने ऐसी (कठोर) तपस्या की—जिससे तमाम देवताओं को कष्ट दिया। सभी पृथ्वी के देवता देवलोक को गए। दैत्य की तपस्या के बल से अग्नि प्रकट हुई—उस अग्नि से तीनों लोक तप्तायमान होने लगे। इसलिए सभी देवताओं ने अपने-अपने स्थान छोड़ दिए। उपरान्त जाकर श्री ब्रह्माजी से पुकार की। पुकार कर उन्होंने कहा—हिरण्यकशिपु ने इस प्रकार जमकर तपस्या की है और वह कहता है कि मैं जन्म जन्मान्तर ऐसी-ऐसी ही तपस्या करके उत्तम पद को प्राप्त करके नई सृष्टि का निर्माण करूंगा। इस बात की ब्रह्मा जी को बड़ी ही चिन्ता हुई। वे सभी देवताओं को साथ लेकर वहां गए। देखा तो ऊपर की देह को कीड़े-मकोड़े खाकर लायक हैं। उस देह को

तदे श्री ब्रह्मा जी कमंडल रा जल सु छड़क्यो तब सावचेत हुवो। ऊंचो जोय देखे तो ब्रह्मा जी ऊभा है। श्री ब्रह्मोवाच। श्री ब्रह्माजी कह्यो—रे पुत्तर थु मांगे सु देवा तो थु प्रसन्न हुवा थे बड़ी तपस्या कीधी। तदे हीरण्यकसीप बोल्यो, पिताजी! थे त्रुठीमान्नो तो मोनु इसड़ो वर देवो—अस्तर सस्त्र सु मरू नहीं। रात्र दिन थाहरी सीसट सु मरू नहीं। तदे श्री ब्रह्मा जी वरदांन दीधो। वर देकर ब्रह्मलोक पधारीया। हीरण्यकस्यप आपरे लोक आयो। आपने इन्द्र जी सु जीतने इन्द्रासण उरो लीयो ने देवता नु दुख दीयो—मैं क्यो थारो ठाकुर कठै है, बोहोत जोरे चाले। सु कीताक दीनां पाछे हीरणकस्यप के पुत्र श्री प्रल्हाद जी हुवा, सु प्रल्हाद जी नु पोसाल गुरां शुक्राचार्य जी कने पढनु बेसाणे। सु पढे नहीं। श्री रामजी को ध्यान करे, कहे। और पढ़बो

खोला गया। अन्दर से देखा—हाड की सांकल दिखाई दी। तब श्री ब्रह्मा जी ने कमंडल के जल से छींटे दिए—तब (वह) जाकर सचेत हुआ। उसने ऊपर को देखा तो उसे ब्रह्माजी खड़े दिखाई दिए। श्री ब्रह्माजी ने कहा—हे पुत्र! तुम मांगो वही तुम्हे दें। तुम से हम बड़े ही प्रसन्न हैं। तुमने बड़ी ही अच्छी तपस्या की है। तब हिरण्यकशिपु बोला—यदि आप प्रसन्न हुए हैं तो मुझे ऐसा वर दें कि न मैं अस्त्र से मरूं और न शस्त्र से मरूं। रात में मरूं नहीं दिन में मरूं नहीं तुम्हारी सृष्टि से मरूं नहीं। तब श्री ब्रह्माजी ने वरदान दिया। वर देकर वे ब्रह्म लोक (स्वर्ग लोक) को चले गए। हिरण्यकशिपु अपने स्थान पर आया। उसने आकर इन्द्र को युद्ध में जीतकर उसका सिंहासन स्वयं ले लिया। देवताओं को बड़ा ही कष्ट दिया और कहा कि भगवान कहाँ है? बड़े घमण्ड से (वह) रहने लगा। बहुत दिनों के बाद हिरण्यकशिपु के एक प्रह्लाद नाम का पुत्र हुआ। प्रह्लाद जी को पढ़ने के लिए गुरू शुक्राचार्य के पास भेजा। वह वहाँ पढ़ता ही नहीं।

मिथ्या है—श्री गोविन्द रो ध्यान सत है। सु शुक्राचार्य जी मालुम कीवी, तरै हीरणकस्यप कवर प्रह्लाद नै येकंत ले जाय समझावतो हुवो प्रह्लाद जी सु घणी धासना दीवी। क्रोध कर कह्यो हाथ मे खडग छै। कठै रे बालक, थारो ठाकुर कठै छै, तू मोनु बताय। तरै प्रह्लाद जी कह्यो मोमैं, तोमैं, खडग मैं थंभ मैं, सरब मैं, चराचर मैं श्री भगवान बिराज्या छै। तरै हीरण्यकस्यप खडग हाथ मैं सु देवण री करी, तिण सु थंभ फाड नै श्री नारायण नृसिंह रूप होय प्रगट्या नै गरज करी। तिण सु सारो ब्रह्मांड धुजो देवता, दैत समस्त धुजा, इसो सरूप देख डरपा। ओह सरूप सगला नु भखसावसी। तरै हीरणकस्यप नगारो मन दीखायो। तरै श्री नृसिंह जी हरिण्यकस्यप की चोटी पकडी। गोद माहे संध्या समै नखा सु उद्र फाडनै

श्री राम जी का ध्यान करता—और कहता—यह पढना मिथ्या है (झूठ है) श्री गोविन्द का ध्यान लगाना सत्य है। तब यह बात शुक्राचार्य को मालूम हुई। उन्होंने प्रह्लाद को अकेले मे लेजाकर समझाते हुए उसे नाना-प्रकार से डराया-धमकाया क्रोध मे आकर कहा—हाथ मे (मेरे) यह तलवार है। हे बालक बताओ! तुम्हारा भगवान कहां है? तुम मुझे वह दिखाओ। तब प्रह्लाद जी ने कहा—मुझ मे तुम मे तलवार मे खम्भे मे सब मे चर और अचर मे भी भगवान विराजते हैं। तब हिरण्यकशिपु ने अपने हाथ मे जो तलवार थी उससे मारने की सोची। इस पर खम्भे को चीरकर श्री नारायण भगवान ने नृसिंह रूप धारण करके गर्जना की। इससे सारा ब्रह्माण्ड हिल उठा—देवता और दैत्य सभी धूज गये ऐसा स्वरूप देखकर वे डर गए। यह स्वरूप तो सबका ही भक्षण कर जायगा। इस पर हिरण्यकशिपु ने उन्हें अपनी पीठ दिखाई। तब नृसिंह जी ने हिरण्यकशिपु की चोटी पकड़ी। संध्या के समय उसे अपनी गोद मे रख कर उसका पेट फाड कर उसकी आँतें

गला माहे आंतडा घालीया । दैतरा लोहीरा छांटा आपरे सरीर में लागा, सो छांटा सोभाय मान है । श्री नृसिंह जी सिंहासण उपर बिराज मान है । श्री देवता फुल बरसावत हुआ जय-जय सबद हुआ । श्री माहादेव जी श्री ब्रह्मा जी श्री नारद जी समस्त देवता असतुत करे है । श्री भगवान सामा ऊभा है, सर्व देवता कहे, मेह इसडो दरसण कदे कीयो नहीं । श्री लिछमीजी पण डरे, सु नजर आवे नहीं-इसडो सरूप दरसणमें कदेही आयो नहीं । तरे बीरमा जी प्रहलाद जी सु कही थे कने जावो । ओ सरूप थारे वास्ते धरायो म्हारो वर साचो कीयो । तदे प्रहलाद जी नजीक जाय पगे लागा तदे श्री नृसिंह जी प्रहलाद जी रे माथे हाथ दे चाटता हुआ । जदे श्री नृसिंहदेव जी दैतरो पेट टंटोलता हुआ । तदे प्रहलाद जी कयो महाप्रभु ! दैतरी देही

अपने गले में डाल ली । दैत्य के खून के छींटे अपने शरीर पर लगे—वह बड़े ही सुहावने लग रहे हैं ।

लेकिन इस साहूकार के पुत्र ने जिद पकड़ी तो पकड़ ही ली। उसने माँ से कहा—माँ, मैं तो आज ही जाऊँगा और आज यदि बुधवार है जैसा कि तुम कहती हो तो आज ही प्रस्थान करता हूँ। इतना कहकर वह उसी दिन बुधवार को ही अपने घर से ससुराल को प्रस्थान हो गया।

साहूकार का यह इकलौता पुत्र जब अपनी ससुराल पहुँचा तो उसका वहाँ बड़ा ही मान-सत्कार हुआ। इस प्रकार जब उसे वहाँ रहते सात रोज होगए, तो उसने सास से अपने घर को जाने की इच्छा प्रकट की। सास ने कहा—कुँवर जी! मैं चाहती हूँ—कुछ दिनों तक आप यहाँ और रहें। आखिर इतने वर्षों के उपरान्त यहाँ पधारे हैं तो कुछ दिन तो हमें भी सेवा करने का अवसर दें। ऐसी जल्दी क्या जाने की पड़ी है? जब साहूकार का लड़का जिद पकड़े ही रहा तो सास ने कहा—

आप जाना चाहें तो भले ही जायें। लेकिन आज नहीं। आज तो
बुधवार है। बुधवार को प्रस्थान नहीं किया जाता।

और यह ठीक भी कहा गया है—युवावस्था और बुद्धि इन
दोनों का मेल तो बहुत ही कम देखा जाता है। फिर इस वणिक
पुत्र में भी बुद्धि ठिकाने रहे युवावस्था में—यह कैसे सम्भव
हो सकता था। उसने सास से कहा—मैं बुधवार-शुक्रवार कुछ
भी नहीं समझता। आपको यदि मुझे खुश रखना है तो आज
ही रवाना करवायें। अन्यथा मैं वैसे ही अकेला चला जाऊँगा।

अब तो सास बड़ी ही दुविधा में पड़ गई। दामाद को यदि
रवाना करती है तो आज बुधवार है और यदि वह अपनी
पुत्री को नहीं भेजती है तो दामाद अप्रसन्न हो जाता है।
उसकी नाराजी का ख्याल रखते हुए सास ने कहा—'जैसी
आपकी इच्छा'।

साहूकार का यह पुत्र उसी समय बुधवार को ही अपनी पत्नी
को साथ लिए अपने गाँव का प्रस्थान कर गया।

भगवान् बुध ने देखा—इसकी मति मारी गई है यह म
अपमान कर रहा है तो उन्होंने साहूकार के पुत्र को सीख दे
की ठानी।

जैसे ही वह अपने गाँव की राह चल रहा था—भगवान
बुध ने उसी प्रकार साहूकार के पुत्र का रूप बना लिया अ
उस राह में रहकर कहने लगा—'भाई यह पत्नी तो मेरी है।
तुम कहाँ से आ गए हो'।

साहूकार के पुत्र ने उत्तर में—यह पत्नी तो मेरी है। मैं
अभी-अभी ही अपनी ससुराल से विदाए आरहा हूँ।

अब क्या था—दोनों व्यक्ति एक दूसरे से उलझ पड़े। दोनों कहते रहे—यह पत्नी मेरी है। इस प्रकार दोनों ही झगड़ते-झगड़ते राज-दरबार आ पहुँचे।

राजा ने देखा—दो व्यक्ति शक्ल-सूरत में ठीक एक ही समान हैं। उनके साथ एक औरत भी है। राजा ने कहा-बोलो, तुम लोग यहाँ किस कारण से आए हो?

साहूकार के पुत्र ने कहा—सरकार यह पत्नी मेरी है। मैं इसे अभी-अभी अपनी ससुराल से लिए अपने गाँव को जारहा था। नहीं जानता यह व्यक्ति कौन है! मुझे यह राह में मिल गया और कहने लगा—यह स्त्री मेरी है। यह झगड़ा भी कर रहा है और जबरन मेरी पत्नी को अपनी बनाए ले जाने को उद्यत होरहा है।

राजा ने साहूकार-वेषधारी भगवान् बुध से पूछा—कहिए आप इस विषय में क्या कहना चाहते हैं? भगवान् बुध ने कहा—राजन्, यह मेरी स्त्री है। एक रोज यह पानी भरने तालाब पर गई थी और फिर घर को लौटकर नहीं आई। आज एका-एक वैसे ही मैं किसी गाँव को जारहा था—मैंने देखा यह व्यक्ति इस लिए जारहा है। मैंने इससे अपनी स्त्री लौटाने की प्रार्थना की लेकिन यह मुकर रहा है। अब आप ही न्याय करें—मुझे मेरी पत्नी दिलवा दें।

राजा ने देखा—औरत तो एक ही है और उसके हकदार दो व्यक्ति बने जा रहे हैं। दोनों ही व्यक्ति शक्ल-सूरत में भी एक जैसे दिखाई दे रहे हैं और दोनों ही अपनी-अपनी बात पर अड़े हुए हैं।

राजा ने फैसला देते हुए कहा—देखो आप दोनों ही मेरे इस नगर का चक्कर काट लें। जो व्यक्ति पहले चक्कर काटकर लौट आएगा, बस समझो—पत्नी उसी की है। राजा ने इन दोनों व्यक्तियों के पीछे अपना एक जासूस लगा दिया।

बुध भगवान् तो अपनी माया के बल पर फौरन ही नगर का चक्कर काट आए। लेकिन साहूकार का लड़का—बेचारे ने बहुतेरी कोशिश की बड़ी तेजी से भागा दौड़ा—फिर भी पहले नहीं आ सका।

राजा ने फैसला देते हुए बुध भगवान् रूपी साहूकार से कहा—यह औरत तुम्हारी है। अब तो साहूकार का पुत्र बड़ा दुःखी होता हुआ अपने घर को बिना स्त्री प्राप्त किए रवाना हुआ।

राह में चलते-चलते उस भगवान् बुध उसकी पत्नी को लिए हुए मिले। उन्होंने कहा—यह लो तुम्हारी पत्नी, मुझे तुम्हारी पत्नी से क्या लेना-देना! लेकिन भविष्य में याद रखना कभी भी बुधवार को अपने घर से प्रस्थान मत करना। साहूकार के पुत्र ने नमस्कार करते हुए निवेदन किया—प्रभु मैं भविष्य में कभी भी ऐसी भूल नहीं करूँगा।

हे भगवान् बुध जिस प्रकार उसकी स्त्री छीनी गई उसे कष्ट हुआ ऐसा कष्ट किसी को भी न हो। जिस प्रकार उस अपनी पत्नी पुनः प्राप्त हो पाई उसे खुशी हुई—वैसी सब को हो।

——

गुरुवार की कथा

एक था साहूकार—उसका व्यापार बहुत ही बड़ा-चढ़ा था। उसका परिवार 'फूलों हाथों' था। वह भगवान बृहस्पति का बड़ा सच्चा भक्त था।

घर में इतना काम-धंधा था कि उसकी पत्नी को एक मिनट के लिये भी फुर्सत नहीं मिला करती। तमाम दिन वह घर के धंधों में उलझी ही रहती थी।

एक दिन साहूकार की पत्नी किसी काम-वश घर के दरवाजे के बाहर खड़ी थी—उस पर पास की पड़ौसिन ने पुकारा। अरी तुम भी ठीक हो। दिन भर घर में पड़ी रहती हो। घड़ी भर तो घर से बाहर भी आया कर!

साहूकार की स्त्री ने तब उत्तर देते हुए कहा— क्या करूँ! मुझे तो एक पल भर भी स्वाँस लेने को समय नहीं मिल पाता। घर में इतना काम रहता है कि सिर ऊपर उठाने भी नहीं उठता।

पड़ौसिन ने कहा—समय तो तुम्हें मैं निकालकर दे सकती हूँ। साहूकार की स्त्री ने कहा—वह कैसे? उसने कहा—प्रत्येक गुरुवार को तुम अपना सिर साबुन से धो लिया करो अपने पति की हजामत उसी दिन बनवा दिया करो। झाड़ बुहारकर घर की सफाई कर लिया करो और लिपाई पुताई कर लिया करो। अपने आप समय तुम्हें मिल जायगा।

जब गुरुवार आया तो उसने अपना सिर साबुन से धो लिया। पति ने कहा—आइये आप हजामत करवा लीजिए। उसके पति ने कहा—मैं तो ऐसा नहीं करने का। और—यदि तुमने भी ऐसा ही किया तो तुम्हें पछताना पड़ेगा।

सेठानी ने जिद पकड़ लिया—आपको ऐसा करना ही होगा। मुझे तो एक मिनट भी घर के झंझटों से समय नहीं मिल पाता।

लाचार होकर साहूकार को अपनी पत्नी की आज्ञा का पालन करना ही पड़ा। सेठानी ने भी अपनी पड़ोसिन के द्वारा बताए सभी कार्य कर लिए। इस प्रकार जब चार गुरुवार तक वह ऐसा करती रही तो भगवान बृहस्पति देव उस साहूकार से अप्रसन्न होगए।

अब भला क्या था—उसे व्यापार में घाटा होने लगा। उसके बेटे-पोते मर गए। उसके जानवर गाय आदि सभी मर गए। उसके पास केवल उसकी एक लड़की बच रही।

साहूकार ने अपनी पत्नी से कहा—देखो मैं तो परदेश में कमाने के लिए जा रहा हूँ पीछे से तुम्हारे पास इस लड़की को छोड़े जारहा हूँ। यह हमेशा बकरियें आदि चरा लाएगी। तुम दोनों इसी प्रकार अपना गुजारा करते रहना।

इतना कहकर साहूकार तो किसी शहर में चला गया। वहाँ वह एक सेठ के यहाँ मुनीम के स्थान पर काम करने लगा। इधर गाँव में उसकी लड़की बकरियां आदि चरा लाती—जितना जो कुछ मिल पाता उससे दोनों मां-बेटी अपना पेट भरती।

जब यह क्रम कई वर्षों तक चलता रहा तो एक दिन लड़की पास वाली पड़ौसिन के यहाँ चली गई। वहाँ से जो विलंब से वापिस आई—तो माँ ने उसे देर से आने का कारण पूछा। लड़की ने उत्तर में कहा—मा यह अपनी पड़ौसिन तो बड़ी ही निकम्मी—और दूसरे के सुख को देखकर जलने वाली है। स्वयं तो अपनी बहू-बेटियों को लेकर भगवान बृहस्पति की पूजा कर रही है और अपने को यह सब उलटा काम करने को बता दिया।

माँ ने तब कहा—यदि भगवान बृहस्पति अपने पर कृपा करेंगे तो अपन भी उसकी पूजा करनी प्रारम्भ कर देंगे। बेटी ने कहा—माँ अपन तो आज से ही प्रारम्भ करलें। उसी दिन से मा तो बृहस्पति भगवान की कथा कहने लगी और बेटी सुनने लगी।

इस प्रकार इन्हें जब कथा कहते-कहते काफी समय हो गया तो भगवान बृहस्पति ने सोचा—साहूकार की पत्नी ने दूसरों की बातों में आकर—उलट काम किये इसका तो कोई दोष नहीं है। इन लोगों की गरीबी दूर करनी चाहिये।

भगवान ने ब्राह्मण का वेश बनाया—उन्होंने पीले वस्त्र पहिन लिए पीले घोड़े पर सवार होकर वे साहूकार के घर पर आ पहुंचे।

घर पर आकर भगवान ने कहा—बच्ची मुझे 'उतारा देवो'। उसने कहा महाराज मैं आपको अपने यहां कैसे ठहरा सकती हूँ। मेरे पतिदेव यहां नहीं हैं। भगवान ने कहा–मैं तो तुम्हारे घर ही ठहरूँगा और कहीं जाऊँगा नहीं।

साहूकार की पत्नी ने कहा—तो आप पीछे गायों के बाड़े में ठहर जाइए। भगवान गायों के बाड़े में ही ठहर गए। इसके बाद मां ने बेटी से कहा—बेटी पड़ौसिन से जाकर एक सेर आटा एक पाव खांड और एक पाव घी तो मांग लाओ।

लड़की पड़ौसिन के घर गई, कहने लगी—बहन, एक सेर आटा पाव भर खांड और एक पाव घी तो देना। हमारे यहां मेहमान आए हैं—उन्हें भोजन करवाना है।

तब पड़ौसिन ने अपनी बहुओं से कहा इसे देदो। बहुओं ने कहा—सासूजी इसे देने से क्या लाभ—यह तो बहुत ही गरीब है। वापिस कब लाकर देगी? सासने कहा यदि लाकर देगी तो ठीक है और नहीं लौटाएगी तो समझेंगे ब्राह्मण अपनी ओर से ही भोजन कर गया।

उसने घर आकर रसोई बनाई। बृहस्पति भगवान को भोग लगाकर ब्राह्मण को भोजन करवाया। ब्राह्मण भोजन करके वहीं सो रहा।

जब संध्या हुई तो साहूकार की स्त्री को बड़ी ही चिन्ता हुई। सुबह तो इस ब्राह्मण को कहीं से मांगकर भी भोजन करवा दिया। अब संध्या में इसे क्या खिलाया जायगा।

बृहस्पति भगवान ने सोचा—साहूकार की पत्नी बड़ी चिंता कर रही है। इस पर मुझे प्रसन्न होजाना चाहिये। उन्होंने कहा—तुम क्यों व्यर्थ में चिंता कर रही हो। अपना भंडार तो खोलकर जरा सम्भालो।

साहूकार की स्त्री ने अपना भंडार खोलकर देखा तो अन्न धन, लक्ष्मी से भरा पूरा है। चारों ओर गुड़, घी और शक्कर भरी पड़ी है।

वह मांगती-मांगती गई। आटा और घी लेकर बेसन का उसने चूरमा बनाया। भगवान् बृहस्पति का भोग लगाया और फिर उस ब्राह्मण को भोजन करवाया।

गायों के बाड़े में गायें रंभाने लगी। बेटे पोते सभी जीवित होगए। अब तो उसे मालूम हुआ यह आने वाला ब्राह्मण भगवान् बृहस्पति ही हैं।

अब तो रोज ही वह चूरमा बनाती भगवान् के प्रसाद चढ़ाती, कथा सुनती और फिर भोजन करती। इस प्रकार कई वर्ष व्यतीत होगए तो एक दिन सेठानी ने भगवान् से अर्ज की—भगवन् और तो सभी प्रकार से आनन्द-मंगल है—मेरे पतिदेव को मुझ से मिलवादें। भगवान् ने कहा—यह भी हो जायगा।

वे साहूकार के बेटे के स्वप्न में गए—कहने लगे ए साहूकार! सोरहे हो या जाग रहे हो। साहूकार ने कहा भगवन् नींद किसे आरही है। घर छोड़े तो कई वर्ष होगए हैं।

भगवान् ने कहा—घर जा क्यों नहीं रहे हो? उसने कहा—भगवन् घर कैसे जा सकता हूं। मेरे यहाँ तो नव मन सूत उलझा पड़ा है। भगवान् ने कहा सुबह स्नान आदि करके बैठ रहना। देने वाले दे जाएँगे और लेने वाले ले जाएँगे—तुम्हारा नव मन सूत सुलझ जायगा।

उसने ऐसा ही किया—उसका नव मन सूत सारा का सारा सुलझ गया। दम वाले दे गए—लेने वाले ले गए।

सेठ से उसने कहा—मैं अपने घर जारहा हूं। सेठ ने कहा—इस प्रकार क्या जारहे हो? तुम्हारे आने पर तो मुझे बड़ा ही मुनाफा हुआ। साहूकार ने कहा—यदि मुनाफा हुआ है तो मुझे कुछ ददो।

साहूकार ने क्षमा माँगते हुए कहा—भगवान् अब मैं ऐसी भूल कभी नहीं करूँगा। आप मेरे घर में निवास करें।

भगवान् बृहस्पति बोले—मैं स्थिर किसी के यहाँ टिक कर नहीं रहा करता। जो मुझे रोज बुलाता है—मैं उसके यहाँ हमेशा चला जाता हूँ, जो आठ दिनों के बाद बुलाता है, मैं वहाँ आठ दिनों के बाद चला जाता हूँ। इस प्रकार कहकर भगवान् अन्तर्धान होगए। साहूकार और साहूकार की पत्नी हमेशा कहानी कहते और सुनते—भगवान् बृहस्पति का ध्यान करते। भगवान् की असीम कृपा से उनके यहाँ धन दौलत बहुत अधिक होगया—सब प्रकार का उनके यहाँ आनन्द-मंगल होगया।

हे बृहस्पति भगवान्, उन पर आप जिस प्रकार महरबान हुए वैसे सभी पर हों; उन पर जैसी आपकी मायाकी रही ऐसी किसी पर न हो।

———

शुक्रवार की कथा

एक साहूकार के सात लड़के थे चार सातों ही की शादी हो चुकी थी। इन में छः लड़के तो बहुत ही अच्छा कमाया करते थे सातवाँ था निकम्मा। इस पर मां-बाप का स्नेह बहुत ही ज्यादा था। तमाम घर के लोगों की जूठन को चूर कर या यों समझें कि जूठन का चूरमा बनाकर इस लड़के को खिलाया जाता और यही खिलाया जाता उसकी पत्नी को। इस सातवें लड़के को यह कुछ भी ज्ञान नहीं था, चूरमा किसका बनाया जाता है। वह तो यह समझता था—सब लड़कों से अधिक स्नेह मां-बाप को मुझ पर ही है तभी तो मुझे रोज-रोज खाने को चूरमा मिला करता है।

एक दिन इस साहूकार के लड़के के यार-दोस्त घर पर आये हुए थे। मित्र वर्ग बैठकर आपस में नाना प्रकार की बातें वैसे ही विनोदपूर्वक कर रहे थे। एक ने कहा मेरी मां मुझे मेरी इच्छानुसार कपड़े आदि सिलवाकर पहिनने को देती है। दूसरे ने कहा मेरी मां मेरी इच्छानुसार मर्जी ही मुझे थाली में परोसती है। सभी अपनी अपनी प्रशंसा कर रहे थे तभी इस साहूकार के लड़के ने कहा—तुम सब लोगों से मेरी मां अच्छी है। उसका स्नेह सब भाइयों से भी मुझ पर अधिक है। मुझे तो मां हर रोज खाने को चूरमा देती है।

उसकी पत्नी उसी समय किसी आवश्यक कार्य के समीप से होकर निकल रही थी। उसने जो यह सुना तो कहा—हो लिया आपकी मां का स्नेह सब से अधिक आप पर ! आपको और मुझे तो वे रोज-रोज घर-भर की जूठन का चूरमा बनाकर खाने के लिए दिया करते हैं।

साहूकार का सबसे छोटा लड़का अपनी पत्नी की यह बात सुनकर सुन-सुनकर रह गया फिर भी उसने सोचा—निश्चय सभी हो सकता है, अब मैं स्वयं इसे अपनी आँखों से देख लूँ।

वह उसी क्षण अपनी मां के पास गया और झूठ-मूठ ही सिर दर्द का बहाना बनाकर मां से कहने लगा—मां, आज तो सिर-दर्द के मारे प्राण निकले जाते हैं, जरा दवा तो लगा दो!

मां का हृदय कितना पवित्र और स्नेहशील होता है अपनी सन्तान के लिये! वह तो बेचारी विवश थी अपने इन छः लड़कों के दुर्व्यवहार के कारण! मां तो कभी भी नहीं चाहती थी कि उसके सबसे छोटे वाले लड़के को मारे घर-भर की झूठन मिले; और बाकी सभी मौज और आनन्द से रहें! लेकिन वह क्या करती?

उसने जो सुना कि बच्चे को सिर-दर्द बड़े जोरों का हो रहा है तो उसने दुलार करते हुए अपनी गोद में सुला लिया और लगी उसका सिर थपथपाने।

अब तक रसोई बन चुकी थी। सभी घर वाले जीमने वाले थे। छोटे वाले लड़के ने मां से कहा—मां मुझे बड़े जोरों की भूख लग रही है। मा ने उत्तर देते हुए कहा—बेटा तुम्हारे भाई अभी आये नहीं हैं। जरा सा लेट हो फिर तुम भी भोजन कर लेना। वे सब किसी जरूरी कार्य-वश बाहर गये हुए हैं, अभी आने को ही हैं।

लड़का समझ गया—निश्चय ही दाल में कुछ काला है। वह जान बूझकर नींद का बहाना बनाये आधी आँखें बन्द एवं आधी खुली कैसे हो मारता।

उसने देखा—उसके पिता भोजन करने आये हैं। उसकी भावज ने उनके मूठन को इकट्ठा कर लिया। इस प्रकार उसका पहला दूसरा तीसरा और क्रमशः छठा भाई भी भोजन करने आया। सभी लोगों की मूठन एक बर्तन में उसकी भाभी ने इकट्ठी करली। उन लोगों के भोजनोपरान्त तब उसकी माँ ने उस इकट्ठी की हुई मूठन का चूरमा बनाया, चूरमा बनाकर थाली में परोसकर उसने अपने इस छोटे वाले लड़के को उठाने के लिये आवाज लगाई।

सेठ का लड़का यह सब बातें आँखें बन्द किये देख रहा था। वैसे ही उसकी माँ ने उसे भोजन करने के लिये दो तीन बार आवाज लगाई वह उठ बैठा। उसने कहा—माँ, मुझे भूख नहीं है। मैं आज भोजन नहीं करूँगा। माँ ने कहा—बेटा, भूख तो लगी ही होगी। खाओ—जितनी इच्छा हो, खाओ। लड़के ने कहा—मैं बहुत दिनों तक मूठन खा चुका माँ! अब तो मैं कमाकर खाऊँगा तभी इस घर में भोजन करूँगा।

उसकी माँ ने कहा—बेटा ठीक है तुम्हारी यदि ऐसी ही इच्छा है तो भले ही कमाने के लिये चले जाना। लेकिन इस समय कहाँ जा रहे हो रात्रि में ! कल जाना चाहो तो भले ही चले जाना।

लड़के ने तो यह सब अपनी आँखों देखा था। वह अपमान की ज्वाला में जल रहा था। उसने कहा माँ मैं तो इसी समय घर छोड़कर कमाने के लिए विदेश को जा रहा हूँ तुम मेरा पीछे से मेरी पत्नी का ध्यान रखना। इस यहीं घर में ही बिठाये रखना, कहीं बाहर मत जाने देना। उसकी माँ ने वैसे ही हाँमी भरली।

सेठ का यह छोटे वाला लड़का चलते-चलते एक नगर में पहुँचा। स्वभाव और विचारों से शुद्ध होने के कारण उसे फौरन ही एक सेठ के यहाँ नौकरी मिल गई।

इस सेठ के यहाँ इस साहूकार के लड़के के आने पर व्यापार में बड़ा ही मुनाफा रहा उसने खुश होकर कुछ रुपया-पैसा इसे भी दे दिया इस प्रकार यह साहूकार का छोटे वाला लड़का अपने सुख के दिन यहाँ व्यतीत करने लगा। इसके पास काफी धन-दौलत कुछ ही वर्षों में जमा हो गयी। यह एक अच्छा-खासा शहर का धनवान व्यक्ति बन गया।

छोटे वाले लड़के की स्त्री के साथ घर में सभी बुरा व्यवहार किया करते। उसे रोज जंगल से लकड़ी काटकर लाने को जाना पड़ता। और जैसे ही वह जंगल में लकड़ियों का गठ्ठर लिए घर को लौटती उसे खाने को दिया जाता सूखा ज्वार का रोटा।

उसी जंगल में एक मन्दिर था शान्तिमाता का। एक रोज जब वहा सारे-दुःखों के अत्यन्त विकल हो गई तो गई उस मन्दिर में शान्तिमाता की शरण में। वहां बैठकर वह फूट-फूटकर दुःख में रोने लगी।

माता शान्ति देवी ने जो यह विलाप सुना तो उन्होंने एक बुढ़िया का रूप धारण किया। बुढ़िया बनकर इस स्त्री के पास आई और कहने लगी—बच्ची इस घनघोर जंगल में तुम इस प्रकार फूट-फूटकर क्या रो रही हो। साहूकार की स्त्री ने अपनी सारी दुःख की कथा कहते हुए कहा—अब मेरी जेठानियाँ मुझे बड़ा ही कष्ट दे रही हैं। वे मुझे सिर्फ एक सूखा ज्वार का रोटा

छोटा-सा देती हैं खाने के लिये मैं तो भूखों मर रही हूं। इतना ही नहीं वे मुझे नाना प्रकार के ताने भी देती हैं।

बुढ़िया ने कहा— बेटी ! आज से तुम मेरी धर्म की पुत्री हो— मैं तुम्हारी धर्म की मां हूं। तुम ऐसा करना—यहां हमेशा चली आना। तुम्हारे लिए खाने को रोज सवासेर चूरमा और पीने को पानी मैं यहां रख दिया करूँगी। तुम अपना पेट इसी से भर लिया करो। शान्ति माता जंगल में से लकड़ियां भी उसे काटकर ला देती।

इस प्रकार इस छोटे वाली साहूकार की बहू अपने दुःख के दिन काटती रही। इधर जेठानियों ने देखा—इनकी यह देव रानी तो दिन प्रति-दिन बड़ी सुन्दर निखरती जा रही है, तो उन्हें जलन होने लगी। 'रांड पति की अनुपस्थिति में भी इस प्रकार मस्तानी बनी जा रही है—बड़ी प्रसन्न रहती है। यदि पति के आगमन के समाचार मिल गये तो फिर इसकी खुशी का ठिकाना ही क्या होगा।

आज जब वह जंगल में लकड़ियां काटने गई तो उसने शान्ति माता से निवेदन किया—मा मेरी जेठानियां कह रही हैं पति यहां नहीं है फिर भी यह ऐसा है। यदि उसके आगमन के समाचार मिल गए तो फिर इसकी खुशी का क्या ठिकाना रहेगा। शान्ति माता ने कहा—बेटी तुम लेशमात्र भी इस बात की चिन्ता मत करना। उसके आने के समाचार भी शीघ्र आ जायेंगे।

कुछ ही दिनापरांत उसके पति के आगमन का समाचार आया। अब तो वह खुशी होनी स्वाभाविक ही थी। पति का

पत्र लिये वह प्रसन्नचित्त पड़ौसिन के पास गई और उसे वह पत्र दिखाया। जेठानियों को जब यह खबर लगी तो जल-भुनकर खाक होगई। भागमम का पत्र आया है, इसमें इतराती फिर रही है! यदि रुपये आगये फिर तो कहना ही क्या है इसका!

आज भी, जब वह जंगल में लकड़ी काटने गई तो माता से सब निवेदन करते हुए कहा—अब मुझे ताना देती हुई जेठानियाँ कह रही हैं—'खर्ची आजाय तो रौब का क्या कहना है!' मां ने कहा—बेटी, कोई चिन्ता नहीं खर्ची भी उसकी आ जायगी। और थोड़े ही दिनों में उसके नाम रुपये आगये उसके पति की ओर से।

अब तो उसका प्रसन्न होना स्वाभाविक ही था। रुपये लेकर वह फिर पड़ौसिन के पास गई और उस अपने सारे सुखद समाचार कहे।

इन समाचारों की खबर जब जेठानियों को लगी, तो बहुत जली। रौब की खर्ची आई है तो यह दशा है और यदि इस का खसम आगया तो फिर यह तो पृथ्वी पर पैर भी न रखेगी। इस प्रकार उन्होंने कई ताने दिये।

आज भी जब वह लड़की जंगल में लकड़ी काटने गई तो उसने सारी बातें माता से कहीं। मां ने कहा—बेटी, तुम कोई चिन्ता मत करना। इन जेठानियों से तुम्हें कुछ भी नहीं कहना है। अभी कुछ दिनों तक और शान्तिपूर्वक रहो—तुम्हारा पति भी शीघ्र आजायगा।

और शान्ति माता की कृपा से सेठ का वह लड़का सात-आठ दिनों बाद उस नगर से रवाना होकर अपने घर को चल पड़ा।

इधर वह सेठ का लड़का जिस समय इस जगह में से होकर चल रहा था यह लड़की वहीं लकड़ियां काट रही थी। उसी समय एकाएक बड़े जोरों का तूफान और आंधी आगई और फिर वर्षा हो चली। ऐसे समय में कहीं अन्य ठहरने का स्थान न देखकर साहूकार का लड़का शान्ति माता के मन्दिर में आ घुसा।

अभी उसने मन्दिर में पैर रखा ही था कि मन्दिर की सभी बत्तियां स्वयं जल उठीं। शान्ति माता की कृपा से वहां मन्दिर में एक आसन भी बिछ गया। साहूकार के लड़के की जो उधर नज़र गई तो उसने अपनी पत्नी को वहां घूंघट निकाले देखा।

उसने विस्मय में चिल्लाकर कहा—अरे, तुम यहां कैसे! उसकी पत्नी ने इस पर अपनी सारी आपबीती कहानी कह सुनाई। मैं तो माता की कृपा से जीवित भी बच रही अन्यथा कभी की मर गई होती। इस समय मैं तो जंगल में लकड़ियां काटने के लिए आई हुई हूँ।

सेठ का लड़का यह सब सुनकर बड़ा ही दुखी हुआ। उसने कहा—मैं तो घर की ओर प्रस्थान करता हूँ तुम ज़रा ठहरकर पीछे से घर में पहुँचना। इतना कहकर वह लाखों की सम्पत्ति और अनेक प्रकार की अमूल्य वस्तुएँ लिए अपने घर को चल पड़ा।

घर में पहुँचते ही धन-दौलत को देखकर उसका बड़ा सम्मान हुआ। उसने इधर-उधर देखकर मां से कहा—

माँ, घर का एक व्यक्ति नजर नहीं आरहा है, कहीं गया हुआ है क्या ?

यह सुनकर माँ ने कहा—गई होगी रांड कहीं इधर-उधर भटकने खाने को। तुम्हारे जाने पर वह तो बिल्कुल बेफिकर होगई है। छोड़ो छोड़ो उसकी चिन्ता। तुम्हारी शादी कहीं अन्य कर देंगे। लेकिन सेठ के लड़के ने उत्तर दिया—नहीं माँ तुम सच सच बताओ वह कहां गई है ? मैंने तुम्हें जाते समय कहा था न, उस घर से बाहर निकलने ही मत देना। माँ ने कहा—बेटा वह बड़ी ही मुंहजोरी है—भला वह किसी की मानने वाली है ! वह तो किसी के भी काबू में आने वाली नहीं है।

इतने ही में साहूकार के पुत्र की वधू सिर पर लकड़ियों का बड़ा-सा गट्ठा लिये घर के आंगन में आ उपस्थित हुई। उसे देखकर लड़का जल-भुनकर राख होगया। उसने माँ से कहा—तुम तो कुछ और ही कह रही थी—और यह आरही है जंगल में से लकड़ियाँ लेकर। वह उसी समय घर से निकल पड़ा और अपनी पत्नी के लिए परिवार के लोगों से अलग रहने लगा।

इतना सब कुछ होने पर भी साहूकार की पुत्रवधू हमेशा शांति माता के दर्शन करने जंगल में उस मन्दिर में नियमित रूप से जाया करती।

एक दिन उसकी जेठानियों ने उस को ताना ! तो फिर व्यंग कसा इतराती फिरती है पति के आने पर। और यदि पुत्र होगया तो न मालूम आकाश के कोमल तारे तोड़ लेगी।

आज जैसे ही वह शान्तिमाता के दर्शन करने जंगल में गई तो उसने कहा—जेठानियां अभी तक भी ताने देती हैं, कहती हैं एक पुत्र यदि उत्पन्न होगया तो फिर इसका क्या कहना। माता ने कहा बेटी, कोई चिन्ता मत करो, तुम्हें एक पुत्र भी होगा अब ठीक नवें महीने के बाद एक पुत्र इस छोटे वाले लड़के के हुआ। अब तो वे बड़े ही आनन्द से रहने लगे।

जब इस प्रकार बहुत से दिन सुखमय व्यतीत हो चले तो लड़कों ने ही अपनी माता शान्तिदेवी से निवेदन किया—माता मैं तुम्हें प्रसाद चढ़ाना चाहती हूं। शान्ति माता ने उत्तर में कहा, नहीं बेटी! मेरा प्रसाद करना आसान काम नहीं है। मेरे प्रसाद में तुमने यदि कढ़ाई आदि बाली तो ठीक नहीं रहेगा। मैं फिर रुष्ट हो जाया करती हूं ऐसे व्यवहार से। सेठ के इस छोटे वाले लड़के की बहू ने कहा—माँ मैं आपको बताई विधि से ही करूँगी। ऐसा शान्ति माता से कहकर वह अपने घर आ गई।

उसने आकर अपने पति से कहा। दोनों ही ने मिलकर शान्तिदेवी का प्रसाद बड़े मन से तैयार किया। शान्तिमाता का यह प्रसाद साहूकार के लड़के ने अपने घर वालों को भी भेजा।

साहूकार के लड़के की भौजाइयों ने प्रसाद के साथ दही आदि चटाई बाली। इसे देखकर शान्ति माता साहूकार के इस छोटे वाले पुत्र पर रुष्ट हो गयी।

इधर जैसे ही शान्ति माता रुष्ट हुई, वो राजा ने दो दूत उसके पास भिजवाये। उन्होंने आते ही कहा—चलो राजा साहब के पास, तुम्हें वे बुला रहे हैं। उनका कहना है कि तुम इन दो

ही महीनों में इतना अपार धन कैसे और कहाँ से कम लाये हो ! हमें तुम्हारे इस कार्य पर सन्देह है। राजा के दू उसे बन्दी बनाये राजा के सामने लाकर हाजिर किया।

सेठ के लड़के के लाख बात कहने पर भी कि मैं कम लाया हूँ मैंने किसी का भी डाका आदि नहीं मारा है राज एक भी नहीं सुनी। उसका तमाम धन राजा के खजाने में गया और उसे जेल में भेज दिया गया।

अब तो सेठ की बहू शान्तिमाता के पास भागी भागी आकर निवेदन किया—माता यह क्या बात है। शान्तिमात कहा—बेटी मैंने तुम्हें पहले ही कह दिया था मेरा प्रसाद क कोई सरल काम नहीं है। तुमने माना नहीं। तुम्हारी लड़ाई यही आदि लड़ाई लाकी और यह उसी का प्रकोप है। बेटी ने क्षमा माँगी—माँ, मैं ऐसा अब कभी भी भविष नहीं करूँगी।

शान्तिमाता ने राजा को स्वप्न में आकर कहा—साहूका पुत्र को क्यों व्यर्थ में पकड़ रखा है और उसका धन छेरखा है। उसका सारा धन लौटा दो और साथ ही उतना ध ओर से धन और उस दे दो। नहीं तो मैं तुम्हारा सारा चौपट कर दूँगी। राजा ने सुबह होते ही साहूकार का लड़ा से मुक्त किया उसका धन लौटाते हुए उसमें उतना ही अपनी ओर से मिला दिया। और उनसे क्षमायाचना करते पर को विदा किया।

साहूकार के पुत्र ने उसी दिन घर पहुँचते ही शान्तिम का प्रसाद बड़े ही ध्यान से बनाया—लड़ाई आदि का पूर्ण ध रखा। शान्तिमाता साहूकार के पुत्र से बड़ी ही प्रसन्न हुईं।

एक दिन शान्तिमाता बुढ़िया का रूप बनाकर हाथ में बच्चे के पहिनने के कपड़े लेकर शहर को चली। सोचा चलो नवजात शिशु को देख आऊँ। उस समय बच्चे को उसका दादा घर के बाहर बैठा खेल खिला रहा था। उसने जो देखा एक बुढ़िया को तो अन्दर चला गया—यह सोच कर कि कहीं बच्चे को नजर न लग जाए। अभी वह भीतर पहुँचा ही था कि बच्चे का पेट दर्द करने लगा। वह मारे दर्द के मरने जैसा हो गया।

सेठ की पुत्र वधू को जब यह पता लगा—एक बुढ़िया को देखकर मेरे ससुर भीतर आ गये थे तो उसे ख्याल आया—हो न हो यह मेरी शान्तिमाता ही होगी। वह दौड़ी-दौड़ी बाहर आई देखा तो माँ हाथ में बच्चे के कपड़े लिए खड़ी है। उसने तुरन्त बच्चे को माँ के श्री चरणों में रखा। बच्चा पूर्ववत प्रसन्न हो गया।

माँ ने बच्चे के कपड़े देते हुए कहा—आज से आगे के लिए तुम्हें जंगल में प्रतिदिन आने की आवश्यकता नहीं। यहीं घर पर बैठे-बैठे मेरा ध्यान कर लेना मुझे यह तुम्हारी सेवा स्वीकार है। यह कहकर शान्तिमाता अन्तर्ध्यान हो गई। तभी दिन से साहूकार का कबीला और उसकी पत्नी बड़े ही आनन्द से रहने लगे।

हे शान्तिमाता! उसे जैसा सुख दिया सभी लोगों को वैसा सुख मिले। उस जिस प्रकार झूठन खानी पड़ी, वैसी किसी को भी खाने को नहीं मिले।

शनिश्चरवार की कथा

एक ब्राह्मण था—वह हमेशा राज-दरबार में पूजा-पाठ करने आया करता था। एक दिन वैसे ही वह ब्राह्मण राजदरबार से अपने घर को लौट रहा था—उसे राह में शनिदेव मिल गए। शनि-भगवान् ने कहा—ब्राह्मण, तुम्हें अब मेरी दशा लगने वाली है। और सिर्फ सात वर्ष तक ही लगी रहेगी।

ब्राह्मण ने जब यह सुना तो वह बड़ा ही घबराया। उसने कहा—भगवन्! मैं तो एक माँगकर खाने वाला ब्राह्मण हूँ। आपकी दशा का कोप मैं तो सात वर्षों तक कदापि नहीं सहन कर सकूँगा।

शनिदेव ने कहा—अच्छा तो मैं तुम्हें पाँच ही वर्षों में लग-कर छोड़ दूँगा। ब्राह्मण ने कहा—नहीं महाराज मैं तो अति ही गरीब और दुर्बल हूँ। आपका यह रूप-तेज मुझसे पाँच वर्षों तक भी नहीं सहन हो सकेगा।

शनिदेव ने कहा—अच्छा तो मैं तुम्हें ढाई वर्ष में ही लग-कर छोड़ दूँगा। ब्राह्मण ने कहा—भगवन्! क्षमा करें मैं तो इतना भी सहन करने में असमर्थ हूँ। मैं तो बहुत ही गरीब हूँ—आप इस गरीब पर तो दया ही रखें।

शनिदेव ने कहा—तो सुनो मैं तुम्हें ढाई महीनों में ही लग कर छोड़ दूँगा। अब तो ठीक है। लेकिन ब्राह्मण तो क्षमा माँगता ही रहा। उसने कहा—कृपानिधान मुझे तो क्षमा ही करें। मैं गरीब मारा जाऊँगा। ढाई महीनों में तो मेरा परिवार और घरबार सभी नष्ट हो जायगा।

राजा साहब ने जब यह सुना, तो बड़े ही चकित हुए। उन्होंने कहा—ब्राह्मण देवता, क्या आप जन्त्र मन्त्र, तन्त्र जानते हैं। यह क्या मामला है।

ब्राह्मण ने आदि से लेकर अन्त तक अपनी रामकहानी कहते हुए राजा साहब से कहा—राजन् मुझे सवा पहर के लिये शनिदेव की दशा लगी थी। यह सब भगवान् शनि की कृपा का चमत्कार था—जन्त्र, मंत्र तंत्र जैसी कोई बात नहीं है। राजा ने क्षमा-याचना करते हुए ब्राह्मण को बहुत सा धन-दौलत देकर, उससे क्षमा माँगते हुए घर को रवाना किया।

हे शनि देवता—जिस प्रकार उस ब्राह्मण को दुःख दिए, वैसे दुःख किसी को भी मत देना।

रविवार की कथा

बड़ी ही प्राचीन समय की बात है—हजारों वर्ष बीत गये होंगे, एक दिन भगवान सूर्य और उनकी पत्नी राणादे आपस में बातें कर रहे थे। राणादे जी ने कहा—'भगवन्! आप कभी दान-पुण्य भी किया करते हैं?

इस पर भगवान् सूर्यदेव ने उत्तर देते हुए कहा—राणादे जी, मैं आवश्यकतानुसार सभी को देता हूँ। हाथी को एक मन खाने को और चींटी को एक कन मैं देता ही रहता हूँ।

समय पाकर एक दिन राणादे जी को भगवान् श्री सूर्यदेव की परीक्षा लेने की सूझी। उन्होंने एक चींटी को एक डिबिया में बन्द कर लिया। इस बात को उन्होंने भगवान से छिपाकर रखा। उन्होंने सोचा—भगवान कहा करते हैं, हाथी को मन और चींटी को कन तो इसे आज इस चींटी को कन कैसे मिल सकता है?

उन्हें भला क्या पता था—भगवान किसी को भी भूखा नहीं रखते। भगवान तो सभी प्राणियों को खाने के लिये दिया करते हैं। इसी प्रकार एक चावल का दाना उनकी बन्द डिबिया में अपने आप आकर गिरा।

जब सन्ध्या में भगवान सूर्यदेव घर को लौटे तो श्रीराणादेजी ने कहा—महाराज आप कहा करते हैं कि मैं सब लोगों को उनके ध्यान के अनुसार दे दिया करता हूँ। लेकिन मैं यह नहीं मान सकती! मैंने आज चींटी को डिबिया में बन्द कर रखा है। भला वह कहाँ भूखों नहीं मर गई होगी!

ब्राह्मण देवता का तो शनिदेव की दशा लगी हुई थी, फिर भला ब्राह्मण उसे कैसे टाल सकता था। इधर तो मालिन उन्हें रखकर शहर को चली और इधर वे मतीरे एक कटे हुए मनुष्य के सिर बन गये।

उसी दिन वहां के राजा के राजकुमार शिकार करने को गए हुए थे। राजकुमार जब काफी देर तक लौटकर नहीं आये तो राजा को चिन्ता होनी स्वाभाविक ही थी। उसने अपने दूत चारों ओर दौड़ाए राजकुमार की खोज-खबर में।

दूतों ने राजकुमारों की बहुत ही खोज-तलाश की लेकिन उन्हें कोई पग-पता नहीं मिल सका। अतः लाचार होकर जैसे ही दूत वापिस शहर को लौट रहे थे तो उन्होंने एक पीपल के नीचे एक ब्राह्मण को तपस्या करते देखा। पास ही उन्होंने देखा—दोनों राजकुमारों के सिर कटे पड़े हैं।

राज-दूतों ने आकर राजा साहब को खबर दी—एक ब्राह्मण शहर के बाहर पीपल के नीचे आँखें बन्द किए माला फेर रहा है। और उसके गोडों के नीचे हमारे दोनों राजकुमारों के सिर कटे पड़े हैं। अब जैसा आप हुक्म दें।

'राजा तो कानां रा काचा हो हुवै है'—उसने फौरन हुक्म दिया—इस ब्राह्मण को फांसी लगा दो।

आज्ञा पाकर राजा के वे दोनों दूत ब्राह्मण के पास गए और कहने लगे—दुष्ट राजा साहब ने फांसी का हुक्म दिया है।

इन दोनों दूतों में से एक दूत था बड़ा भला और सज्जन स्वभाव का आदमी। और दूसरा बड़ा बुरे स्वभाव का था। ब्राह्मण ने जब यह बात सुनी तो उसने कहा—ज़रा मेरी यह माला समाप्त होने दें फिर भले ही आप मुझे मार सकते हैं। इस बुरे दूत ने कहा—अच्छा ! एक तो राजकुमारों की हत्या करना और फिर ऊपर से इस प्रकार साधुता का स्वांग दिखाना। शर्म नहीं आती है इस प्रकार अब माला फेरते हुए।

दूसरा दूत जो बड़ा ही सज्जन था—उसने कहा—मत छेड़ो बेचारे को ! ज़रा माला पूरी कर भी लेने दो। इसमें अब तुम्हारा क्या बनता-बिगड़ता है।

वैसे ही ब्राह्मण देवता की शनिदेव की दशा उतरी—वे दोनों राजकुमार तत्काल अपने राजमहलों में आन पहुँचे। राजा साहब ने फौरन एक दूसरा घुड़सवार दूत भेजकर इन दोनों दूतों से कहलवाया—यदि इस ब्राह्मण को फांसी लगाकर मार नहीं दिया हो तो फौरन ही उसे मुक्त कर देना राजकुमार दोनों ही सकुशल घर लौट आये हैं। साथ ही राजा साहब ने कहलवाया—उस ब्राह्मण देवता को मेरे पास इसी समय उपस्थित करो।

अभी वैसे ही राजा साहब के दूत ब्राह्मण को राजमहल चलने की प्रार्थना कर रहे थे—उन्होंने देखा कि वे ही मरे हुए लोगों के सिर उसी समय दो बड़े अच्छे मतीरे बन गये हैं।

दूतों ने ब्राह्मण को लेजाकर राजा के दरबार में हाजिर किया और कहा—राजन ! वे दो सिर जो थे दो बड़े ही सुन्दर मतीरों में परिवर्तित होगये।

राजा साहब ने जब यह सुना, तो बड़े ही चकित हुए।
होंने कहा—ब्राह्मण देवता, क्या आप यन्त्र मन्त्र तन्त्र जानते हैं।
ह क्या माजरा है।

ब्राह्मण ने आदि से लेकर अन्त तक अपनी रामकहानी
ते हुए राजा साहब से कहा—राजन् मुझे सवा पहर के लिये
मिवेश की दशा लगी थी। यह सब भगवान् शनि की कृपा
चमत्कार था—यंत्र, मंत्र तंत्र जैसी कोई बात नहीं है। राजा
क्षमा-याचना करते हुए ब्राह्मण को बहुत-सा धन-दौलत देकर,
उससे क्षमा माँगते हुए घर को रवाना किया।

हे शनि देवता—जिस प्रकार उस ब्राह्मण को दुःख दिए वैसे
न किसी को भी मत देना।

रविवार की कथा

यह ही प्राचीन समय की बात है—हजारों वर्ष बीत गये होंगे, एक दिन भगवान् सूर्य और उनकी पत्नी रणादे आपस में बातें कर रहे थे। रणादे जी ने कहा—'भगवन्! आप कभी दान पुण्य भी किया करते हैं?

इस पर भगवान् सूर्यदेव ने उत्तर देते हुए कहा—रणादे जी मैं आवश्यकतानुसार सभी को देता हूँ। हाथी को एक मन खान को और चींटी को एक कन मैं देता ही रहता हूँ।

समय पाकर एक दिन रणादे जी को भगवान् श्री सूर्यदेव की परीक्षा लेने की सूझी। उन्होंने एक चींटी को एक डिबिया में बन्द कर लिया। इस बात को उन्होंने भगवान से छिपाकर रखा। उन्होंने सोचा—भगवान कहा करते हैं हाथी को मन और चींटी को कन तो इन्हें आज इस चींटी को कन कैसे मिल सकता है!

उन्हें भला क्या पता था—भगवान किसी को भी भूखा नहीं रखते। भगवान तो सभी प्राणियों के खान के लिये दिया करते हैं। इसी प्रकार एक चावल का दाना उनकी बन्द डिबिया में अपने आप आकर गिरा।

जब संध्या में भगवान सूर्यदेव घर को लौटे तो श्रीरणादे जी ने कहा—महाराज आप कहा करते हैं कि मैं सब लोगों को उनके खान के अनुसार दे दिया करता हूँ। लेकिन मैं यह नहीं मान सकती! मैंने आज चींटी को डिबिया में बन्द कर रखा है भला वह कहीं भूखों नहीं मर गई होगी!

श्री सूर्य भगवान यह सुनकर बड़े ही हँसे। उन्होंने हँसते हँसते कहा—रांणादे जी ये योग्य हो आपको अभी तक मेरे कहने पर विश्वास नहीं जम सका! ठीक है—आप जरा अपने पास वाली उस डिबिया को खोलकर तो देखें।

रांणादे जी ने जो डिबिया खोली तो उन्हें यह देखकर बड़ा ही ताज्जुब हुआ—वहाँ डिबिया में एक चावल रखा हुआ है और चींटी उसे बड़े ही चाव से मुँह में दबाये बैठी है। वे बड़ी ही लज्जित हो गयीं और भविष्य में उन्होंने कभी भी सूर्यदेव जी की परीक्षा लेने का साहस नहीं किया।

हे सूर्य देवता! जैसा भी रांणादे जी को लज्जित किया, वैसा किसे भी मत करना! जिस प्रकार चींटी को भूखों नहीं मरने दिया—वैसा किसी को भी भूखों मत मरने देना।

यूँ भूखा–सुखी में रात होगी। थका मांदी सोगी अर बेटी नैं भी नींद आयगी। दिन उगतांई मा बेटी जागी। मा, फेरूँ वाई रटन लगादी— "भी म्हारी रोटी दे, रोटा मैंनी ओर दे कोई दे पण लागे दे।" आपकी माने पागलां की तरह भटांई करती देखकर बेटी मनमें मोत दुखी हुई। पाछे हारकर एक दिन वा घरी घर सैं निकलकर वन में चली गई। बावनी उजाड़ में एक घेर–घुमेर बड़ को पेड़ थो वैं के ऊपर चढ़कर बैठगी। एक पाणी को लोटो मांगो आपके कनै धर लियो। सूरज भगवान का ध्यान करवा लागगी। अयां बैठ्यां आठ पहर बीतगा। दूसरे दिन राजा को कँवर शिकार के लैर घोड़ों दौड़ातो हुयो उठे आ पहुंच्यो। ऊँके साथ का आदमी गैलने रहगा। तावड़े की लाय बरस रही थी। भूख–प्यास सैं पिराण तड़पता रह्या था। भूख मे तो आदमी सहलेवी तिसकोनी सही जाय। पण बावनी उजाड़ में रोटी–पाणी को के लीगाड़। उठे घेर–घुमेर बड़ की ठंडी ठंडी छाया देखकर राजा के कँवर आपका घोड़ा नै बाँद दियो अर आप धरती मे मार कर खोट लगावण लागगो। थोड़ी सी देर में ई राजा के कँवर ने नींद आयगी। इतणा में ई बड़ के ऊपर सैं ठंडा पाणी का छांटा राजा के कँवर की छाती पर आयकर पड़्या। राजा के कँवर की आँख खुलगी। राजा के कँवर सोची की उजाड़ में इसो ठंडो पाणी कठे सैं आवो? हो न हो ये पाणी का छांटा तो बड़ मे सैं आया है। राजा को कँवर पायचा टांग-कर बड़ पर चढगो। आगे देखे तो सोना की सी देवली अस्तरी बैठी हुई बैठी है। राजा के कँवर वार्तां परांत पाणी मांग्यो। वण तुरंत पाणी प्या दियो। ठंडो पाणी पीकर राजा का कँवर तिरपत होगो जी मे जी आगो। राजा को कँवर बोल्या — "आज तू मनचीत दान दियो है जो तू कुण है? कोई देवी है क दानवी?"

जद वा बाली—"मैं तो एक महाजन की बेटी हूँ। कुँवारी हूँ। मेरी मा सैं रूसकर चली आई इब पाछी घरां जाण की मेरी मनस्या कोन्यां।" जद राजा के कँवर कही 'मेरे साथ चल। मेरी राणी बणकर रह" जद वा साथ २ बड़ सैं नीचे उतर आई। इतण्या म राजा के कँवर के साथ का आदमी भी पीछै सैं आ पहुँच्या। राजा के कँवर आपकी नगरी में आयकर उसे ब्याह कर लिया। महल में राणी बणकर वा सुख मैं रहे-दुख का दिन भूलगी। उठीनै उकी मा दो एक तो आडोस पाडोस में तू इसी होसी, पण जद वा कोन्या मिली जणा दुरत की मारी बावली होकर घर-गांव छोड़ दिया। गांवां-गांवां डोलण लागगी। दैव सजोग में एक दिन उई नगरी में वा आयगी अर राजा के महल के नीचै बैठगी। जद महल कै मांय में राणी की निजर आपकी मा के ऊपर पड़ी तो उमै तुरत पिछाणली-इसी हो म हो या तो मारी मा है। मा आपकी दासी नै भेजकर ऊपर आप के कनै बुलाली। दोनू मा-बेटी बाथ घालकर मिली। दोनु वा की आख्यां में आसू टपकण लागगा।

राणी आपकी मा नै आपबीती सारी वार्ता सुणाई। अर राणी-माणी की पूछी। जद उँकी मा भइगी कही—"मैं बेटी क घर को अन्न कोन्या खाऊँ। मा-बेटी की बातां-बातां में रात होकर राजा के आवण का वखत होयगो। जद राणी इसी जै राजा नै या बात पत्र ल्यायगा कै या तरीबणी राणी की मा है तो इतणू आदर कोन्या रहगो। जद आपकै महल कै बराबर दूसरे महल दो जै मैं आपकी मा न वह करदी अर अन्न नीर्ई बर्तां की सूपरी सिरदारी। पण राणी की मा रात नै बूढ़ की गाया चीया कोन्या मरज भगवान का ध्यानई करबा करी। दिन उगतां कै साथ राणीजी दूसरे महल का किवाड़ खोलकर

देखै तो मां की तो सोने की देवळी हुई खड़ी है अर गीऊँखड़ों की घूघरियां की जगा हीरा-मोती जगमगाट करै है। राणी देखई रही थी इतणा में राजा की भी चढेई आवकर अचम्भ हो गया अर राणी नै पूछी—"आज के देखो हो ?" जद राणी बोली—"महाराज मेरे गरीब पीहर सैं बीदड़ी आई है मो आप भी देखो।" राजा देखकर बड़ो अचरज करयो अर राणी नै बोल्यो—"थारो पीहर इसो है तो म्हामैं भी दिखाणू पड़ैगो।" जद राणी कही—महाराज ये बात को जबाब पाछै दू गी। राणी का मन में यो डर बड़गो कै इब पीहर कठै सैं दिखाऊंगी ? पण ऊँडा मनमें सूरज भगवान को पूरो आसीरो थो। सूरज नारायण का व्रत करती बरत देकर जीमती। राणी एक दिन या विचारी कै आज रात मै सूरज भगवान कै तो बोल कर कद देवैगा नहीं तो तड़कै मेरो शरीर त्याग दू गी। जद ऊँई रात मै सूरज भगवान सुपना में दरसाव देकर कही कै साहूकार की तू सोच मना करीजे। अठै सैं तीन कोस पर एक पीपल है सो अठै तड़कै राजा कै सारै साथन लेकर आज्यावे नगर बस्योड़ो पावैगो। पण दिन छिपणा में पहलाँ-पहलाँ वठै सै विदा होकर पाछा चल्या आया।

या दरसाव होने पर राणी राजा मैं बोली "तड़कै म्हानै मेरा पीहर दिखाकर ल्याऊँगी" जद राजा मोत राजी हुया। आपकी परगं मै त्यारी करणै का हुकम दे दियो। दिन ऊगतों कै साथ राजा राणी आप को साथ लारकर मंगर चाल पड़या।

तीन कोस पर पीपल को पेड़ सो उठे पूगकर देखें तो एक मोठ देवता लोग सरूप नगर बसरियो है। मोतमा लोग आगे अगुवाणी के तांई लडया बार देख रह्या है। राणी राजा के पहुँचवाई घणा आदर मान के साथ ती ल्याय कर डेरो दिवा दियो। लाड चाव होण लागगा। सांई चवाई बैंटवा लागगी कोई कहै म्हारो जँवाई आयो कोई कहै म्हारो भतीजो आयो। गीत गावे है बाजा बाजे है दिनभर चणाँई हमल्होस मच्यो रह्यो। पाछे मोत सो धन देकर विदा कर दिया। विदा होती बगत राजा जाण बूझकर आपके पग की एक मोजड़ी उठे छोड़ दी अर अर आपकी नगरी के नजीक पाछा पूगगा जणा राजा राणी नै बोल्यो— मैं तो मेरे एक पग की जूती भूल्यायो सो पाछो जाकर ल्याऊँगो।" अर राणी कही— 'महाराज सासरा में पधारै धन-दौलत ल्याती एक जूती को के विचार करा हा ? पण राजा राणी की बात मानी कोन्या अर पाछो जूती ल्यावण के मिस एकलोई पाछ पड़्यो। जा' ल्यायकर देखै तो गांव को गाँव निसाणी कोनी। न सिमर न धिमाण को ठायो। पीपल की एक डाली के राजा की जूती टंगायोड़ी दीखी। जणा राजा के मनमें घणा अचंभो हुवो। बाड़ा बगा र आयकर सीधो राणी के महल में गयो अर तरवार काढ़कर राणी की छाती पर बैठगो अर बोल्यो— या के भर है सा साची बतार नहीं तो तन्ने मारगा अर मैं भी मरूँगो।" अर राणी भोत घणा सुणी करी पण राजा टस बकर लिया—को आ बात है सा बतायाँ सरैगा।

जद राणी हारकर सारी बात कहदी अर बोली महाराजा या मेरे ऊपर सूरज भगवान किरपा करी सूरज नाराण को व्रत करके डोरो लेण सैं यो फल मिल्यो। जद राजा मोत राजी हुयो अर आपका नगर में ढिंढोरो पिटवा दियो कै सरजनाराण को सगळी लुगायां डोरो धारण करियो। हे सरजनाराण माई बाप ठाकरे का धणी ज्यूं उं राजा की राणी नै वीर बासो दिखायो जिसो सबने दिखाये। कहता नै सुणता नै, हुंकारा का भरता नै। सरजनाराण तेरो आसरो मरूपो ओर मरूपो सासरो।

(पं० झाबरमल्ल जी शर्मा संपादित 'मरु-भारती' वर्ष १ अङ्क १ में प्रकाशित)

कार्तिकी वृत कथाएँ

(१) सूरज भगवान् की काणी

सूरज भगवान हा जिको कीड़ी नै कण देवै अर हाथी नै मण देवै। अेक दिन व्यांकी धणियाणी राणादेजी क्यो कै म्हाराज! आप कोमवाने मोड़ा आवो। जद सूरज भगवान् क्यो कै म्हारी सृष्टी नै पूर करों जद आवां। जद राणादेजी पूछियो कै की कोई मही भूखो? तो बोल्या कै नहीं, म्हं ता कीनेई नहीं भूल्या।

अेक दिन राणादेजी अेक कीड़ी नै ले अ'र एक डब्बी में बंद करदी। जद सूरज भगवान् आया तो राणादेजी क्यो कै म्हाराज! सबनै पूर दियो? सूरज भगवान् बोल्या—हाँ राणादेजी! सबनै पूर दिया। राणादेजी फेर पूछ्यो की कोई नहीं भूल्या? बै क्यो-की कोई नहीं भूल्या। जब राणादेजी! थे थाल पुरस्यो। जद राणादेजी बोल्या। कै म्हाराज! आज म्हारो जिनावर भूखो बैठो है। भगवान् क्यो कै आछो राणादेजी! थांका जिनावर नै पैली पूरा पछी ई जीमां। जद राणादेजी क्यो कै म्हाराज! ऊँ डब्बी में कीड़ी है जीनै आप ल्यावो। जद भगवान क्या कै राणादेजी। थेई ल्यावो।

जद राणादेजी डा-भरं ऊँ डब्बी नै ल्याया। खोल भरं देखै तो डब्बी में काची ढीकी का अेक चावल पड्या है अर वा कीड़ी ऊँ चावल कै गोल-गोल चक्कर लगावै मैं जुटी। जद सूरज भगवान क्यो कै देखो राणादेजी! कीड़ी नै कण अर हाथी नै मण देवां, म्हारी सृष्टी नै पूर मैं पछै म्हे जीमां। जद राणादेजी क्यो कै म्हाराज आप साचा।

हे सूरज भगवान्! भूखा जगायाज पर भूखा सुवायाज मत।

—

(३) तिलक महाराज की काणी

एक बूढ़ी बामणी ही। ऊँ के एक बेटो हो। वो आपकी मां कने सैं रोज दिनू गा रोटी मांगतो। जद डोकरी कैती कै बटा! तू की मेम लेलै नेम पूरो करयां बिना रोटी नहीं खावणी। जद वो कयो मां कांई नेम लेऊ। जद डोकरी कयो कै बेटा! राज तिलक महाराज का दरसण कर और पछै रोटी खाया कर।

पछै वो रोज दिनू गा तिलक महाराज का दरसण कर कर रोटी खावतो। एक दिन ऊ नै तिलक महाराज का दरसण कोनी हुआ तो वो केयो मां आज तो तिलक महाराज का दरसण कोनी हुवा और मनै तो जोर की भूक लाग री है। मां कयो बटा! दरसण करयां बिगर रोटी नहीं खाणी चाहीजै।

जद वो दरसण करवां नै जावतो-जावतो जंगल में पूग गयो। ऊनै ऊमै चार चोर दीक्या जका चोरी का माल को बंटवारो कररिया हा। वां मांय से एक के तिलक लागरियो हो तिलक देखतां ही वो खुसी रो मारयो चिल्लायो—दीखग्या! दीखग्या! दीखग्यो!

चार मनख्या कै ओ ग्यान देख लियो है जिण वास्ते वाले है। कठैई पकड़ा नहीं द्यै। मा बोल्या भरे! चिल्ला ना मत अठीनै आव। जद वो वा कनै गयो। जद चोरों चार को बजाय पाँच पाँती करी और एक पाँती ऊँ नै द र वास्या कै ले थारा मा मै द दीजै।

बो गाँठ लेजा'र आपरी मा नै दे दी तो माँ कयो बेटा भो काईं लायो। बेटा बोल्यो मनै तो ठीक कोनी, तिलक म्हाराज दी है तू पछे देखजो कठै मनै तो जोर की भूख लाग री है। पैली रोटी दे दे। मा-बेटा नै रोटी खा'र गाँठ खोली तो ऊँ मे ऊँनै धन धन लख लादमी, अजाह पदार्थ मिल्या। सबै घर के सुख धन-माल हुयो। जद माँ कैयो बेटा आदमी के कोई नेम जरूर राखो।

हे तिलक म्हाराज! ऊँ छोरा ने तूठ्या जिसा सकल ने तूठ्यो, आधी ने पूरी करज्यो पूरी ने परवाण चढ़ाइज्यो।

---

(२) रामबाई और राजबाई की काणी

अेक ही रामबाई और अेक ही राजबाई। वे दोनूं बव्यां व्रत न्हावत्यां ही। रामबाई तो रामजी का नांव को व्रत न्हावती और राजबाई राजाजी के नांव को। जद व्रत पूरो हुयो तो राजबाई राजाजी ने कैवायो के मैं थां का नांव को व्रत न्हायो है। राजाजी आ सुण'र बड़ा राजी हुया और अेक पेठा में रुपिया और मोत्यां भरकर राजबाई के अठै पुगायो। राजबाई ऊं पेठा देख्यो तो बड़ी गुस्से हुयी के देखो मैं तो महिना भर तक राजाजी का नांव को व्रत न्हायी और राजाजी बदला में दो टक्कां को पेठो भेज्यो है। आ गुस्सा में छोर ऊं ने एक बामण नै दो टक्कां में बेचदाई।

उठीनै रामबाई कयो के मैं रामजी का नांव को व्रत न्हायी हूं आ कम से कम पांच बामण तो जिमा द्यूं। आ सोच'र बा बामण रै घरां गयी तो बामण के कनै ऊही पेठो पड्यो हो। बामण बोल्यो के मैं आ पेठो दो टक्कां में लियो है तूं चावै तो चार टक्का में लेल्या।

रामबाई ऊ पेठा नै ले लियो। घरां आ'र ऊ नै बगार्यो तो ऊ में सूं रुपिया और मो'रां निकली। रामबाई बड़ा राजी हुया और बोल्या के म्हनै तो रामजी तूठ्या है। पछ सारी नगरी में नूतो फेरा दियो के सगळा बामण रामबाई के जीमण आइज्यो। सगळा बामण रामबाई के जीमबा गया और जीम जीम'र पाछा आवता 'रामबाई को जै' — 'रामबाई की जै' बोलता गया।

राजाजी तखत बिछाया बैठा हा। जद वै बामणों की 'रामबाई की जै' की धुन सुणी तो बोल्या कै भाई! रामबाई की जै बोलो रामबाई की जै क्यूं ? तो म्हारा बामण बोल्या कै म्हे तो म्हारा जणा रामबाई कै जीम र आया हां जी में रामबाई की जै बोलां हां रामबाई की जै क्यूं बोलां ?

राजाजी रामबाई नै बुलार पूछियो कै म्हू थानै अेक पेटो भेज्यो हो जीकै मांई करयो। तो वा साफ-साफ कै दियो कै मैं तो दो टका में बेच दियो राजाजी बोल्या कै वी में म्हू रुपिया और मोरा भर भर पण थांके जची नहीं ही।

जद पछै राजाजी सारी नगरी में डुंडी पिटारी कै कोई न्हावै तो रामजी का नाव को न्हावी जो और राजाजी का नांव को मती न्हावी जो।

(३) तिलक महाराज की काणी

एक बूढ़ी बामणी ही। ऊंके एक बेटो हो। वो आपकी मां कनै सैं रोज दिनू गा रोटी मांगतो। जद डोकरी कैती कै बेटा! तू की नेम लेलै नेम पूरो करयां बिना रोटी नहीं खावणी। जद वो कयो मां कांई नेम लेऊ। जद डोकरी कयो कै बेटा! रोज तिलक महाराज का दरसण कर और पछै रोटी खाया कर।

अबै वो रोज दिनू गा तिलक महाराज का दरसण कर अर रोटी खावतो। एक दिन ऊ नै तिलक महाराज का दरसण कोनी हुया तो वो केयो मां आज तो तिलक महाराज का दरसण कोनी हुया और मनै तो जोर की भूख लाग री है। मां कयो बेटा! दरसण करयां बिगर रोटी नहीं खाणी चाहीजै।

जद वो दरसण करवां नै जांवतो-जांवतो जंगल में पूग गयो। ऊठै ऊनै चार चोर दीख्या जका चोरी का माल को बंटवारो कररिया हा। वां मांय से एक के तिलक लागरिया हो तिलक देखता ही वो खुसी हो मारयो चिल्लायो—दीसग्या! दीसग्या! दीसग्या!

चार ममम्या कै आ महान देख लिया है जिण वास्ते बोले है। ऊठैई पकड़ा नहीं बचै। मा बोल्या अरे! चिल्ला ना मत अठीनै आव। जद वो वां कनै गया। जद चोरों चार की बजाय पांच पांती करी और एक पांती ऊंनै दे'र बोल्या कै थे म्हारी मा मैं दे दीजै।

बो गोंठ बेटा रै बापरी मां नै दे दी तो मां कयो धन भो कांई लायो। बेटो बोल्यो मनै तो ठीक कोनी, विनायक महाराज दी है तू पछे दरसयो करसी मनै तो जोर की भूख लाग री है। पैली रोटी दे दे। मां-बेटा मै रोटी दुं'र गोंठ खोली तो ऊंमें ऊंनै धन, धन लख लखमी, धमाक पदार्थ मिल्या। बानै बडो सुख धन-माल हुग्यो। अब मां केयो बेटा आदमी के कोई नेम जरूर लेणा।

ए विनायक महाराज! ऊँ छोरा ने तूठ्या जिसा सबकूं मै तूठ्यो, मांडी ने पूरी करज्या पूरी न परवाण चढ़ाइज्यो।

भवना। म्हारी नगरी को योई[३४] बारणु[१] है तूं मेरी गैल[११] भीतर आस्या। पाछै खेप-नेप कर सन्नै[१२] मोटी[१३] ई लेर घरां पहुँचा आस्यूं[१४]। जद बा बोली मोत[१५]-चोखो, अर गैल-गैल आस्यों गई।

भीतर आय कर देखै तो मोत मरूप नगरी बसरी है महल[१६]-माळिया बणया हुया है, आम्बी-झरोखा झुक रया है मोंपा का कुळणा में आयकर साहूकार का बेटा की भू राजी होयगी। कोई कहै म्हारी माय आई, कोई कहै म्हारी भूवा आ: कोई कहै म्हारी मायद आई।

रहतां-रहतां घणा दिन होयगा। मोंपां की मां को यो नेम[१] यो कै तेरीखा[१६] आपका बेटां नै दूध प्यावण[४] को बखत हो: जेमें बदळां ताता दूध नै कूंडा[४१] में मिला[४२] दिया करती दूध थोड़ी तरीं मीठो होज्यातो, जणा वा त्याळी दळा देती टाळी को सुरको सुनतां[१] घरौंन सांप से[४४] भेळा हो ज्या भर कूंडा में ठोड़ी टेक कर चसड़-चसड़ दूध पी लेता।

एक दिन वा साहूकार का बेटा की भू बोली—मां, अ तो मेरा भायां नै दूध मैं प्याल्यूं। मोंपा की मा कह्यो—बे तूं ताता दूध में ताली दलावेगी तो बात बिगड़ ज्यासी। बोली मा मां! नवीनी[४५] रह आज तो सम्मैई भायां नै प्यावण द। जणा मोंपां की मां कह्यो—आछी बात है मह तूं प्यादिय।

साहूकार का बेटा की भू दूध ताता करके कूंडा में मिला दिया, पन बाप-बाप की मारी बोग्या तरीं ठंडो होय न [illegible]

साँप आया उण में कोई की बीम समगी, कोई नो मूढा समगा। जद मगाम्म रीस भरकर बोल्या—म्हैं तो मैं बाई नै दास्यों[४६]।

साँपा की मां देखी, यो तो रंगाई बिगड़यो। जद बोली—ना बेटा, बाई नै खायो मतना। या थारी धरम-माय है। थारी स्याई हुई बाई है, आपणी बदनामी से डरणू चावे। थ तो थैंने सासरै[४७] पहुँचायो। या बात साँपां के भी जचगी। जणा पछे वे पणू[४८] हायभो[४९] देकर ऊँनै[५०] ऊँडै[५१] मासरै—साहूकार के घरां घालगा[५२]।

दान-दायजा नै देखकर घोराणी-जिठाणियाँ के समाई[५३] कोनी रही। सगां आपसरी[५४] में मिलकर मोल[५५] बोल्यो के थैंने भाया स्यावस मैं मेज देणी चावे। उठे एक साँप को वासो है सो बो डस्यों बिना कोनी छोड़ै। यो तोल पकड़कर ऊँनै वास्ते चुगवाबे बजार में भेजदी। रोई[५६] म साँप बदला बैठ्यो हो सो साहूकार का बेटा की बू नै देखता के साथ फूँकार मारी, जणा वा बोली—

> जीवो नाग-मागोलिया[५७]
>
> जीवो भूखो[५८] बाप।
>
> जिण म्हारो ब्याव लडाइयो[५९],
>
> पायस मारी पाय ॥

या सुणतां परौत साँप देवता पायस स्याग कर मूँडा[६०] आगै मेलपी[६१]। साहूकार का बेटा की बू पग म पायस पैर[६२] कर मुलकती हुई आप के घरां मरु मासा को चोखिमो भी भर ल्याई। जणा घोराणी-जिठाणी बणाई के बातो मौत का

जातांई राणी हार मांग्यो। जद बोली-बाली[११] हार आपका गळे में से काढ़कर[१३] राणी नै सूँप[१४] दियो अर बोली मेरे गळे हार, राणी के गळै नाग।

सो राणी के पैरतां ई साथ हार को जिको नाग (साँप) होकर फूँकार मारै लाग्यो। जणा राणी बोली-थूँ बाप[१५]-जुगारी, कामणगारी है। यो हार का साँप क्यों[१६] बणगो-थँ बात को भेद बतायां सरैगो।

जद साहूकार की बेटा की बू बोली-मैं न तो बाप-जुगारी हूँ अर न कामण-गारी। मेरे तो मां-बाप, भाई-भतीजा सब साँपाई हैं, मैं तो साँपा का वियावाण[१७] गहयां पड्यां[१८] हूँ। या कह कर आपकी बीत्योड़ी[१९] पूरी बात सुणाई। जद राणी दखो[२०] फिरा दियो कै सावण की नाग-पाँचें नै सब ठंडो (बासी) खायो अर मायां-पाँचें मानकर नागदेवता की पूजा करियो।

